# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 12 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 13 – मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 187, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ बदलते जमाने की रंग बदलती होली

प्रभास की फिल्म द राजा साब की रिलीज में होगी और देरी? ◂◂ 6


# गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर के बाद गैंग के 3 शूटर गिरफ्तार



मेट्रो रेज

**रांची:** गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद अब उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। रांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमन साहू गैंग के 3 प्रमुख शूटरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय सिंह, समीर बागची उर्फ कल्लू बंगाली और वसीम अंसारी शामिल है।

गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद पुलिस अब उसके गुर्गों पर लगाम लगाने के लिए कमर कस चुकी है। रांची पुलिस ने अमन गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके तीन प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय सिंह, समीर बागची उर्फ कल्लू बंगाली और वसीम अंसारी शामिल है।

गिरफ्तार तीनों आरोपी एनकाउंटर में मारे गए अमन साहू के काफी करीबी हैं और राजधानी रांची सहित कोयला क्षेत्र पर मृतक गैंगस्टर अमन साहू के इशारे पर आतंक मचाया करते थे। वही रांची पुलिस कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा के ऊपर हुई फायरिंग में इन लोगों के शामिल होने की भी जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि रांची के सीनियर एसपी सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर अमन गैंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में अजय सिंह, समीर और वसीम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पिस्टल, देसी कट्टा और कुछ मैगजीन बरामद हुए हैं।

**वांटेड थे तीनों आरोपी :** रांची पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अजय सिंह के ऊपर रांची के विभिन्न जगहों पर 14 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अजय रांची के सिकिदरी इलाके का रहने वाला है। जबकि समीर कुमार बख्शी उर्फ कल्लू बंगाली के ऊपर रांची के विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। समीर रांची के रातू इलाके का रहने वाला है और आखिरी आरोपी वसीम अंसारी के खिलाफ रांची के विभिन्न थानों में 4 कांड दर्ज हैं। वसीम रांची के मांडर इलाके का रहने वाला है।

**आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई जारी :** रांची पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अमन गैंग के तीनों अपराधी 7 मार्च को रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की वारदात में शामिल थे या नहीं, इसे लेकर पूछताछ की जा रही है। 7 मार्च को कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर अमन के तीन शूटरों ने हमला किया था। पुलिस इसी सिलसिले में तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## एनकाउंटर मामले में अमन साहू समेत 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

### एटीएस ने 38 राउंड की थी फायरिंग

**पलामू :** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अन्हारी ढोड़ा में हुए एनकाउंटर मामले में एटीएस के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने अमन साहू सहित सात अज्ञात लोगों पर चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मालूम हो कि एटीएस की टीम अमन साहू को रायपुर जेल से 10 मार्च को रात रांची के लिए लेकर निकली थी। अमन साहू को 12 मार्च को एनआइए कोर्ट में पेश किया जाना था। एटीएस के जवान तीन गाड़ी पर सवार होकर रांची जा रहे थे। जिसमें अधिकारी के साथ 14 जवान शामिल थे। एटीएस की टीम जैसे ही चैनपुर थाना क्षेत्र के अन्हारी ढोड़ा के पास पहुंची, 6 -7 अज्ञात लोगों ने एटीएस की स्कॉर्पियो गाड़ी पर बम फेंक दिया और फायरिंग करने लगे। हमलावर हथियार छिनने के साथ साथ एटीएस के अधिकारी और जवानों को मारना चाहते थे। इसी बीच अमन साहू ने मौका का फायदा उठाते हए एटीएस के जवान से इंसास राइफल लूटकर भागने लगा।

जवाबी कार्रवाई में एटीएस ने अमन साहू को मार गिराया। एंटी टेररिज्म स्कॉवायड ने इंसास और अन्य हथियार से 38 राउंड फायरिंग की है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि एटीएस की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## पाक सेना और विद्रोहियों के बीच भारी संघर्ष जारी

**बलूचिस्तान :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हाईजैक की गई जाफर एक्सप्रेस अब भी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के नियंत्रण में है। इस हमले में अब तक 30 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तानी सेना बंधकों को छुड़ाने के लिए बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, लेकिन हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जाफर एक्सप्रेस पर हमला करने वाले विद्रोहियों में सुसाइड बॉम्बर्स भी शामिल हैं। उन्होंने बंधकों के बीच अपने आत्मघाती हमलावरों को बैठा रखा है, जो सुसाइड जैकेट पहने हुए हैं। इस वजह से पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को ऑपरेशन के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है। बीएलए के लड़ाके बंधकों को ह्यूमन शील्ड के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे ऑपरेशन को अंजाम देना और भी कठिन हो गया है। पाकिस्तान की सेना इस स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन आत्मघाती हमलावरों की मौजूदगी के कारण कार्रवाई धीमी गति से चल रही है, ताकि बंधकों की जान को कोई नुकसान न पहुंचे।

**155 यात्रियों को छुड़ाया गया, 27 विद्रोही ढेर :** अब तक मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने 155 यात्रियों को सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की है।

### भारत और मॉरीशस के बीच अहम समझौते

## पीएम मोदी ने मित्र देश को दी बड़ी सौगात



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद दोनों की मौजूदगी में भारत और मॉरीशस के बीच अहम समझौते भी किए गए। दोनों देशों ने आज 8 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों नोताओं ने संयुक्त बयान भी जारी किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '140 करोड़ भारतीयों की ओर से मैं मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर फिर से आने का अवसर मिला है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और मॉरीशस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।'

उन्होंने कहा, 'भारत और मॉरीशस का संबंध सिर्फ हिंद महासागर ही नहीं, बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है। हम आर्थिक और सामाजिक प्रकृति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं। प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा, हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मॉरीशस में गति के लिए मेट्रो एक्सप्रेस, न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट भवन, सुखद प्रवास के लिए सोशल हाउसिंग, अच्छे स्वास्थ्य के लिए ईएनटी अस्पताल, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई और रुपए कार्ड, सस्ती और बेहतर गुणवत्ता वाली दवाओं के लिए जन औषधि केंद्र, ऐसी अनेक जन केंद्रित पहल हैं, जिन्हें हमने समयबद्ध तरीके से पूरा किया है।'

**लोकतंत्र की जननी की ओर से मॉरीशस को बड़ी भेंट :** उन्होंने कहा, 'आज, प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम और मैंने भारत-मॉरीशस साझेदारी को 'बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का निर्णय लिया है। हमने निर्णय लिया है कि भारत मॉरीशस में नए संसद भवन के निर्माण में सहयोग करेगा। यह लोकतंत्र की जननी की ओर से मॉरीशस को एक भेंट होगी।'

**अद्वितीय और विशेष संबंधों का प्रमाण: पीएम रामगुलाम :** इस दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ के राष्ट्रीय दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया है। उनकी विशिष्ट उपस्थिति हमारे दोनों देशों के बीच अद्वितीय और विशेष संबंधों का प्रमाण है।

**भारत और मॉरीशस ने इन आठ समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर**

-स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर मॉरीशस के केंद्रीय बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

-पाइप बदलने के कार्यक्रम के तहत केंद्रीय जल प्राधिकरण की ओर से चल रही परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए मॉरीशस सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच ऋण सुविधा पर समझौता

-राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भारतीय विदेश सेवा संस्थान और मॉरीशस के विदेश, क्षेत्रीय एकीकरण और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन।

## हरियाणा में बजा बीजेपी डंका: 10 में से 9 निगमों में भाजपा की जीत



**हरियाणा :** हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत की करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में पीछे है।

कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांगड़ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं।

**रोहतक में भाजपा ने दी कांग्रेस को मात, 45 हजार 171 हजार से जीते रामअवतार वाल्मीकि :** नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। तीन बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बाहुल्य वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी।

निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। दूसरी तरफ भाजपा पूरी ताकत लगा रखी थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया।




न्यूज ब्रीफ



## अंबेडकर विचार मंच का फगुआ मिलन समारोह संपन्न

**खलारी :** साई नगर बुकबुका खलारी मे सावित्री बाईफुले नारी शक्ति केन्द्र एवं डा. अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान मे मंगलवार को फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता अनीता गंझु एवं संचालन अशोक राम ने किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी व खलारी थाना इंसपेक्टर जयदीप टोप्पो, एवं विशिष्ट अतिथि मे डा. अंबेडकर विचार मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा उपाध्याक्ष शंभूनाथ गंझु उपस्थित थे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिधियो द्वारा सावित्रीबाई बाई फुले एवं बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इस दौरान मुख्य अतिथि डी.एस.पी. ने कहा कि फगुआ होली का त्यौहार प्रकृति एवं समाज को खुशहाली शांति एवं प्रेम का संदेश देता है, सभी नारी मिलकर समाज, एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाने मे मदद करते है पुलिस हमेशा महिलाओं के हितो के लिए तैयार है। सभी लोगों ने एकदूसरे को गुलाल एवं अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी धन्यवाद ज्ञापन सरोज चौधरी ने किया। इस अवसर पर इन्तियाज अंसारी, विकेश सिंह विक्की, सनु देवी, नील विश्वकर्मा, चांदनी देवी, रवि उराँव कोशल्या देवी, सुरेन्द्र राम उर्फ छोटू, सोनू तुरी,कलावती देवी, प्रभा देवी, लक्ष्मी देवी, शारदा देवी, संध्या देवी, खुशी देवी, कमला देवी सुनीता उरांव, रेशमी मुन्डा, रवीनाथ चौधरी, मनीष राम, रमेश गंडक, सूरज गंझु कुलदीप लोहरा, चमन तुरी आदि कई लोग मौजूद थे।

## एसकेएम विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान कार्यशाला संपन्न



**दुमका :** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया (इरक) के वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचान, नामांकन और हर्बेरियम बनाने के तकनीकी तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला के दूसरे दिन, डॉ. श्याम बिस्वा और उनके सहयोगियों ने हर्बेरियम तैयार करने के तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान दिया और एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया, जिसमें सूखे पौधों के नमूनों को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। इसके बाद, डॉ. गोपाल कृष्णा ने वनस्पति नामकरण के सिद्धांतों, अर्थ और नियमों की विस्तृत व्याख्या की।

कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ. एस.एल. बोंडिया ने कार्यशाला की पूरी रिपोर्ट डॉ. जीवन सिंह जलाल को सौंपा। रिसर्च स्कॉलर, अनु मोनिका मुर्मू ने कार्यशाला के बारे में फीडबैक दिया और प्रोफेसर बसकी नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इरक से आए वैज्ञानिकों को स्मृति भेंट के रूप में आर आर न्यूज भारत की ओर से उन्हें बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग की प्रतिमा भेंट की गई। इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर और छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में शोध और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## कुलपति ने किया सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय और उच्च तकनीक सुविधाओं का उद्घाटन



**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने मंगलवार को मॉडल कॉलेज राजमल परिसर में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय और उच्च तकनीक सुविधाओं का उद्घाटन किया। मॉडल कॉलेज राजमहल एसकेएमयू का अंगीभूत कॉलेज है। यह कॉलेज अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होगा, जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया जाएगा। छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को आधुनिक ओपन जिम की शुरूआत की गई है। इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि छात्र-छात्राएं अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकें और ऊजार्वान जीवनशैली अपना सकें। तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें। साथ ही उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। मदर केयर सेंटर की स्थापना छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए की गई इसके अलावा राजमहल पहाड़ी जीवाश्म संग्रहालय की स्थापना की गई। यह संग्रहालय क्षेत्र की भूवैज्ञानिक विशेषताओं और प्राचीन जीवाश्मों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा, जिसका लाभ छात्र और शोधकताओं को मिलेगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति प्रो (डॉ) बिमल प्रसाद सिंह शामिल हुए। जबकि रजिस्ट्रार डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियों का स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अपने संबोधन में रजिस्ट्रार ने कॉलेज के क्रमिक विकास की ओर ध्यान आकर्षित किया। अपने संबोधन में कुलपति ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें नियमित रूप से कक्षाएं लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में सभी सुविधाएं हैं, आपको कॉलेज में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए।

# झारखंड विधानसभा में माननीयों ने जमकर खेली होली

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबूलाल को लगाया गुलाल

संवाददाता

**रांची:** होली को लेकर हर तरफ उल्लास देखा जा रहा है। सामाजिक संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों के कार्यालयों में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इन सब के बीच मंगलवार को बजट सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा में माननीयों ने जमकर होली खेली।

**मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष को लगाया गुलाल :** विधानसभा परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन भी जमकर होली खेलते हुए नजर आईं। होली की गीतों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता झूमते नजर आए। फूलों की होली के साथ-साथ नेताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।



**सीएम हेमंत ने दी होली की शुभकामनाएं :** इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है। रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं आशा और उम्मीद करता हूं कि इस होली के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख-समृद्धि और खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें और एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ होली का त्योहार मनाएं।

**आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील :** विधानसभा परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फूल और गुलाल उड़ाकर लोगों को होली पर्व की बधाई दी। वहीं स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने राज्यवासियों को रंगों के इस त्योहार की बधाई देते हुए शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की।

**होली के मौके पर सब एक होते हैं:** बाबूलाल इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष सदन में होता है। होली के मौके पर सब एक होते हैं। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। जिसमें खुशियां ही खुशियां हैं।वहीं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके जीवन में होली के रंगों की तरह खुशियां बनी रहे इसकी कामना करता हूं।

**विधानसभा के कर्मचारियों ने भी जमकर खेली होली :** इस मौके पर विधानसभा के कर्मचारियों ने भी जमकर होली खेली। होली के गीतों पर झूमते-नाचते विधानसभा के कर्मियों के द्वारा एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। होली मिलन के साथ ही विधानसभा का बजट सत्र 18 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### गिरिडीह पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## साइकिल लेनदेन के विवाद में साथियों ने ले ली थी जान



संवाददाता

**गिरिडीह:** पुलिस ने हत्या के एक मामले का खुलासा किया है। शख्स की हत्या डंडे से पीट-पीट कर की गई थी। गिरिडीह पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त डंडा और खून से सना एक गमछा भी बरामद किया गया है। आरोपियों में एक वृद्ध और दो युवक शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में पचम्बा थाना क्षेत्र के मनिकलालो निवासी हरि लाल दास, बसंत कुमार दास और सोमर दास शामिल है। आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि एसपी डॉ। बिमल कुमार ने की है।

**4 मार्च में मिली थी शख्स की लाश :** दरअसल 4 मार्च को पचम्बा थाना क्षेत्र के बुढ़वा तालाब के समीप डुमरी थाना इलाके के ससारखो निवासी उमेश दास की लाश मिली थी। जानकारी मिलने पर पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे तो देखा कि मृतक के चेहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं। उन्होंने मामले की सूचना एसपी को देते हुए मृतक के परिजनों को सूचित किया। मृतक के घरवाले पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

बाद में मृतक के भाई राजदेव दास ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना में आवेदन दिया था। हत्या की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसपी डॉ। बिमल ने कांड के उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) कौशर अली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी। टीम में इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी राजीव कुमार के अलावा अवर निरीक्षक सोनू कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह और बाबूधन हांसदा को शामिल किया गया।

**साइकिल की लेनदेन में हत्या :** पुलिस की जांच में हत्या के पीछे मृतक का साथियों के साथ विवाद सामने आया। इसके बाद पुलिस कड़ी को जोड़ते हुए आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में हत्या में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। एसपी डॉ। बिमल कुमार ने कहा कि अभी तक यह बात साफ हुई है कि इनके बीच आपसी मनमुटाव चल रहा है। साइकिल लेनदेन की बात सामने आई है। अभी आगे की जांच चल रही है। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## उपायुक्त ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित



संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत के अंर्तगत चल रहे विधालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के तहत सभी 10 प्रखण्डो में से हर प्रखंड के 5 विधालयों के 2-2 आरोग्य दुतों (कुल 100 आरोग्य दूतों) को उनके कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तकनीकी सहायता उ3 के द्वारा किया गया।कार्यक्रम कि शुरूआत उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, सिविल सर्जन डॉ. बी.पी. सिंह एवं ऊ्रएळ मधुश्री कुमारी के द्वारा दिप प्रज्जवलीत कर किया गया। उसके बाद सिविल सर्जन डॉ. सिंह ने विद्यालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दिया गया । उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में आए सभी आरोग्य दुतों को इस कार्यक्रम को और बेहतर करने हेतु निदेर्शीत किया तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सभी को प्रंशसा पत्र एंव पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थय विभाग से राकेश आन्नाद(ऊढट),रविन्द्र सिँह(ऊअट),शैलेश सिन्हा(जिला समन्यवक-फङरङ),मृत्युजंय सांडिल(क्षेत्रीय समन्यवक), शिक्षा विभाग से डाइट सदस्य मधुश्री कुमारी एवं सभी प्रखण्ड से कुल 100 आरोग्य दुत एंव उ-3 से कुन्दन सिंह(जिला समन्यवक) और अन्य मौजुद रह कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सहेलियों ने नाबालिग को बुलाया और पत्थर से कुचलकर मार डाला

**लातेहार :** लातेहार में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां की नेतरहाट पुलिस ने 13 दिनों से लापता नाबालिग युवती हत्याकांड का खुलासा 24 घंटे के अंदर कर दिया है। हत्या में शामिल दो नाबालिक युवतियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या किस लिए हुई इसका खुलासा पुलिस ने नहीं की है। लेकिन चर्चा है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ था। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को नाबालिक युवती अपनी मां और छोटी बहन से यह कहकर निकली थी कि अपनी दो सहेलियों के साथ टांगीनाथ में लगे मेले को देखने जा रहे हैं। लेकिन उसके शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने काफी खोजबीन शुरू किया और पुलिस को लापता होने की लिखित आवेदन दिया। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन की,किंतु लापता युवती का कोई अता पता नहीं चला। 13वें दिन पुलिस को सूचना मिली कि सोहरपाठ के जंगल में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर शव की शिनाख्त की तो पता चला कि यह लापता युवती का शव है। मोबाइल के सीडीआर जांच में पता चला कि सहेलियों के बुलाने पर गई थी किशोरी पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मोबाइल का सीडीआर जांच में पता चला कि उस दिन सहेलियों के बुलाने पर गई थी। पुलिस ने दोनों से पूछताछ किया तो मामला उजागर हुआ। पत्थर से की थी हत्यादोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए उनके निशानदेही पर मृतिका का मोबाइल, शॉल एवं जिस पत्थर से मारा गया था,उसे बरामद कर लिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर रीमांड होम भेज दिया। इस हत्याकांड के खुलासे में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी समेत आईआरबी के जवान शामिल थे।

## एक व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**डोमचांच (कोडरमा) :** थाना पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शव की पहचान गिरिडीह जिले के तीसरी थाना क्षेत्र के निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थर क्रेशर में मंगलवार को कटकर मौत हो चुकी थी। जिसके बाद क्रेशर संचालक द्वारा शव को ले जाकर ताराटांड़ मौजा स्थित एक सुनसान जगह पर फेंक दिया गया था। वहीं मृतक का पैर कटकर अलग हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया है। वहीं पुलिस जांच में जुटी है।

### सिगरेट मांगने को लेकर विवाद में गढ़वा में फायरिंग

## अवैध हथियार के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**गढ़वा:** जिले के कांडी थाना क्षेत्र में सिगरेट मांगने को लेकर हुए विवाद में सोमवार को फायरिंग की घटना हुई थी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन, पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। इसकी पुष्टि गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने की है।





**क्या है पूरा मामला :** एसपी ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 4:45 बजे कांडी थाना क्षेत्र के सुडीपुर गांव स्थित लालो देवी के राशन दुकान पर पानसा गांव निवासी संदीप चंद्रवंशी, अधीरा गांव निवासी अमन विश्वकर्मा और मंटू विश्वकर्मा उर्फ नंदलाल विश्वकर्मा सिगरेट खरीदने के लिए पहुंचे थे। पैसे को लेकर विवाद बढ़ने पर दुकान संचालक ने उन्हें वहां से भगा दिया। इससे नाराज होकर तीनों आरोपी पुनः लौटे और दुकान के सामने हंगामा करने लगे। उन्होंने लालो देवी की बेटी रंजू देवी का मोबाइल लूट लिया। इस दौरान संदीप चंद्रवंशी ने 7.65 एमएम पिस्टल से लालो देवी पर गोली चला दी, लेकिन गोली दीवार पर जा लगी और किसी को नुकसान नहीं हुआ।

**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई :** वहीं घटना की सूचना मिलते ही कांडी थाना पुलिस ने लालो देवी के आवेदन पर कांड संख्या-22/2025 दर्ज कर धारा-115(2)/ 352/ 351(2)/ 109(1)/ 309(4) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। एसपी के निदेर्शानुसार एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की त्वरित जांच की गई।

**तीनों आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद :** पुलिस की जांच में पता चला कि घटना के कुछ समय पहले आरोपी कोयल नदी किनारे शराब पी रहे थे। इस दौरान सिगरेट पीने की इच्छा होने पर दुकान पर गए थे, जहां विवाद हुआ। मामले में शामिल तीनों आरोपी संदीप चंद्रवंशी, अमन विश्वकर्मा और मंटू विश्वकर्मा उर्फ नंदलाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल, 7।65 एमएम पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और फायर किया गया खोखा बरामद किया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## होली, सरहुल और ईद को लेकर सिल्ली थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**मुरी:** सिल्ली थाना परिसर में मंगलवार को आगामी होने वाले होली,ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर हंसे उरांव के द्वारा किया गया। बैठक में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने आगामी होने वालें होली त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए अपील किया गया एवं शराब पीकर वाहन नहीं चलाना है अश्लील गाना बजाने पर प्रतिबंध किया गया है। रंगों का त्योहार होली में किसी को जबरन रंग नहीं डालना है।यह त्योहार एक आपसी भाईचारे का त्योहार है। किसी भी प्रकार का कहीं घटना होती है तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को दे। शांति समिति में आए हुए जितने भी जनप्रतिनिधि थे सभी ने अपने अपने विचारों को रखा।बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, मुखिया लालू राम उरांव,सीमा गोंझु, शर्मिली मुंडा,राजा पुष्पेन्द्र नाथ, अखिलेश महतो, मुखिया प्रमिला कुमारी , हरे कृष्णा महतो समेत सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के पुलिस बल मौजूद थे।

### सीएम ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर की समीक्षा बैठक

# होली-ईद में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दिये निर्देश




**मेट्रो रेज**

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के डीसी व एसपी शामिल हुए।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने पुलिस अधिकारियों को होली और ईद में सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिये। इसके अलावा बैठक के दौरान अमन साहू एनकाउंटर मामले की भी जानकारी ली। साथ ही एनटीपीसी डीजीएम की हत्या मामले के बारे में जाना।

मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इस बैठक में विधि व्यवस्था पर समीक्षा के अलावा भी राज्य में नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स जैसे कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गयी।

**सीएम हेमंत ने होली, ईद, रामनवमी और सरहुल जैसे त्योहारों के मद्देनजर दिये निर्देश :**

-आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं।
-विधि-व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारी/बलों की उपलब्धता और प्रतिनियुक्ति करें।

धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई एवं सी।सी।टी।वी। का अधिष्ठापन तथा इलेक्ट्रोनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।

-जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
-जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी/बलों की प्रतिनियुक्ति तथा वीडियोग्राफी/ड्रोन द्वारा एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
-जुलूस के साथ दंडाधिकारी/बलों की प्रतिनियुक्ति और दफ्ळर इत्यादि की व्यवस्था की जाये।
-जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश / पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था की जाए।
-संयुक्त नियंत्रण कक्ष तथा आपातकालीन योजना सुनिश्चित की जाए।
-जिला स्तरीय थाना द्वारा स्तरीय शांति समिति की बैठक की जाए।
-जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन एवं एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था की जाए।
-अवैध मादक पदार्थों/शराब के विरूद्ध छापामारी की जाए।
-डीजे/अन्य साउण्ड सिस्टम द्वारा उत्तेजक भडकाउ गानों के प्रसारण पर रोक हेतु अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
-सुरक्षा बलों के लिए भोजन/आवासन/पानी आदि की व्यवस्था की जाए।
-पर्व-त्योहार के दौरान आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता रहे।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर, आंधी तूफान व लू आपदा घोषित

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज कैबिनट की बैठक हुई. इस बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर मुहर लगी.

**इन प्रस्तावों पर लगी मुहर :**
-आंधी तूफान और लू को आपदा घोषित
-राज्य के अधीन जनजाति और आदिवासी टोला में ऑन गिरड और आफ गिरिडीह बिजली के लिए 55.9 करोड़ की स्वीकृति
-रांची में बनने वाले 5000 मेट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज के लिए 11 करोड़ 65 लाख 41000 की स्वीकृति।

## नगर निगम कर्मियों का अनशन आठवें दिन समाप्त, अप्रैल से मिलेगी फैमिली पेंशन



**संवाददाता**

**रांची :** नगर निगम कर्मियों का 5 मार्च से शुरू अनिश्चितकालीन अनशन आज बुधवार को आठवें दिन समाप्त हो गया। निगम प्रशासन के अप्रैल से फैमिली पेंशन देने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना अनशन खत्म किया। निगम प्रशासन की ओर से उप प्रशासक गौतम प्रसाद, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार और अन्य अधिकारियों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर कर्मियों को गन्ने का जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

नगर निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अप्रैल से सभी पात्र कर्मियों को फैमिली पेंशन दी जायेगी। यह पेंशन झारखंड हाईकोर्ट के निदेर्शों के आलोक में पहले तीन कर्मचारियों को दी गयी पेंशन की तर्ज पर ही मिलेगी।

**तीन कर्मियों को दी गयी पेंशन की तर्ज पर इनको भी मिलेगी पेंशन :** गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत पहले तीन कर्मचारियों को फैमिली पेंशन मिलनी शुरू हो चुकी है। उसी प्रक्रिया के तहत अब अन्य पात्र कर्मियों को भी पेंशन दिए जाने की बात कही गयी है।

**कर्मियों ने सामूहिक आत्मदाह करने की घोषणा की थी :** बता दें कि मंगलवार को अनशनकारी कर्मियों ने घोषणा की थी कि यदि उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे बुधवार को सामूहिक आत्मदाह करेंगे। इसके बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और कर्मियों से बातचीत कर समाधान निकाला।

### मो. सईद के आवास पर रमजान के 10 रोजा तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल

# तरावीह नमाज के बाद मांगी गई देश की सलामती एवं खुशहाली की दुआएं

**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची के मेन रोड में एदार-ए-शरिया के सरपरस्त मोहम्मद सईद के आवास पर रमजान के महीने में होने वाली विशेष नमाज तरावीह में 10 दिन में किए जाने वाले तरावीह की नमाज हाफिज अब्दुल गफ्फार की इमामत में सम्पन्न हुई एवं कुरान पाक मुकम्मल किया गया। एदार-ए-शरिया के सरपरस्त मो.सईद की सरपरस्ती में आयोजित 10 रोजा तरावीह में अहले सुन्नत वल जमात के उलेमा सहित हजारों की संख्या में लोगों ने हाफिज अब्दुल गफ्फार की इमामत में तरावीह की नमाज अदा की।मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही द्वारा समय समय पर कुरान शरीफ के आयत का अनुवाद भी बताया गया जिसे लोगों ने काफी सराहा। मौलाना शेर मोहम्मद मोहम्मद कादरी द्वारा पढ़े गए नात शरीफ के बाद सलाम पेश कर तमाम आलम के मुसलमानों और देशवासियों के अमन चैन, खुशहाली व सलामती के लिए विशेष रुप से दुआ की गई। इस अवसर पर इस्लामिक स्कोलर मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही ने कहा कि रमजान सभी महीनों का सरदार है। उन्होंने बताया कि इसी पवित्र महीने में कुरआन पाक नाजिल हुआ था। इस्लाम में इस महीने का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि रमजान को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहला दस दिन रहमत का है, जिसमें अल्लाह की विशेष कृपा बरसती है। दूसरा हिस्सा मगफिरत और तीसरा निजात का है। इस महीने में एक नफिल का सवाब 10फर्ज के बराबर और 10फर्ज का सवाब 70 गुना हो जाता है। उक्त अवसर पर एदार-ए-शरिया के सरपरस्त मो. सईद रमजान सहित सभी त्योहारों कोआपसी सौहार्द के साथ मनाने की लोगो से अपील की। तरावीह की नमाज के समापन के बाद इमाम साहब को मुबारकबाद देने वालों का तादद बढ़ता ही चला गया एवं नमाजियों ने गुलाब के फूल का हार माला देकर हाफिज, मौलाना व खतीब से गले मिलते हुए तोहफे भी दिए एवं ईनामों एकराम से नवाजते हुए मोबारकबाद दी गई। उक्त अवसर पर मो. तौहीद,मो. महजूद,मो. नौशाद,मो. सरफराज, आफताब आलम ने भी सभी को मोबारकबाद दिया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अकीलुर्रहमान, मो. इसलाम,कारी अय्यूब, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, मौलाना मो. मोजीब सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## बिरसा मुंडा स्टेडियम में ट्रैक लगाने का काम शुरू

**रांची :** बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराहाबादी में नया सिंथेटिक ट्रैक लगने का काम शुरू हो गया है। ग्राउंड के एक छोर में खुदाई का काम चल रहा है। मिट्टी भरने के बाद चार लेन का ट्रैक बिछाया जाएगा। 70 मीटर का ट्रैक 25 अप्रैल तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह ट्रैक तीन से पांच मई तक इस स्टेडियम में प्रस्तावित साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप को ध्यान में रखकर लगाया जा रहा है। झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) की ओर करीब 3 करोड़ की लागत से नया ट्रैक लगाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान इसकी आवश्यकता होती है, ताकि खिलाड़ी वॉमर्अप कर अपने इवेंट के लिए मुख्य ट्रैक पर आएं। बिरसा मुंडा स्टेडियम में अभी मुख्य ट्रैक है, लेकिन एक वॉर्मअप ट्रैक की आवश्यकता थी। पूर्व में 50 मीटर के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन साझा की ओर से कंपनी को 70 मीटर का ट्रैक बनाने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही स्टेडियम में एलइडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। एलईडी स्क्रीन में मैच का लाइव प्रसारण होने के साथ स्कोर बोर्ड भी चलेगा, जो अंतरराष्ट्रीय आयोजन का एक प्रारूप है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के बाद खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ियों को यह अभ्यास ट्रैक उपलब्ध होगा।

## होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत : संजय सर्राफ

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा-धाम ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि होली हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है. इस दिन लोग अपने गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हैं और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं, होली से एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है, इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च को होगा। तथा होली 14 एवं 15 मार्च को मनाया जाएगा। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है,कथा के अनुसार होली का त्योहार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की जीत का प्रतीक है प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को भगवान विष्णु की पूजा करने से रोकने की कोशिश की लेकिन प्रह्लाद ने अपनी भक्ति नहीं छोड़ी। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद को आग में जलाने के लिए कहा लेकिन भगवान विष्णु ने प्रह्लाद की रक्षा की और होलिका को आग में जला दिया इस जीत की खुशी मनाने के लिए होली का त्यौहार मनाया जाता है। होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है जो प्रेम, सौहार्द और जीवन की खुशियों का प्रतीक है। राधा- कृष्ण के प्रेम का प्रतीक मानी जाने वाली होली की शुरूआत बरसाने में हुई थी, कहा जाता है कि जब राधा और कृष्ण बचपन में थे, तो वे अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे। यह खेल उनके प्रेम और स्नेह का प्रतीक था, जो आज भी होली के रूप में मनाया जाता है।शिवपुराण के अनुसार,पार्वती ने शिव से विवाह के लिए कठोर तपस्या की। इंद्र ने कामदेव को शिव की तपस्या भंग करने के लिए भेजा। कामदेव ने शिव पर अपने पुष्प बाण से प्रहार किया, जिससे शिव की समाधि भंग हो गयी। क्रुद्ध होकर, शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया। बाद में, देवताओं ने शिव को पार्वती से विवाह के लिए राजी किया। इस घटना को याद करते हुए, फाल्गुन पूर्णिमा को होली के रूप में मनाया जाता है। होली के रंगों का विशेष महत्व होता है यह रंग जीवन में खुशियां समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक है हर रंग का अपना एक विशेष अर्थ होता है लाल रंग प्रेम और शक्ति का,हरा रंग समृद्धि और नई शुरूआत का, पीला रंग ज्ञान और बुद्धि का, और नीला रंग शांति और विश्वास का प्रतीक है। होली के रंग न केवल हमारे जीवन को रंगीन बनाते हैं बल्कि यह हमें जीवन की विभिन्न रंगीन पहलुओं को भी सिखाते हैं।

# नारी सेना महावीर मंडल की पुरानी कमेटी भंग

### पूनम सिंह बनी अध्यक्ष, सेना धूमधाम से मनाएगी रामनवमी पूजा महोत्सव



**संवाददाता**

**रांची:** नारी सेना महावीर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय कार्यालय पहाड़ी टोला में हुई। इस बैठक में बीते वर्ष के आय व्यय को प्रस्तुत किया गया एवं पुरानी कमेटी को भंगकर नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसमिति से सागर वर्मा को मुख्य संयोजक (संस्थापक सदस्य) एवं पूनम सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। रामनवमी पूजा महोत्सव धूमधाम से आयोजन हेतु बनाई गई नई कमेटी। इसमें मुख्य संयोजक(संस्थापक सदस्य) सागर वर्मा, संरक्षक मंडली:ब्रजमोहन राम, संजीव विजयवर्गीय (पुर्व उप महापौर)अशोक पुरोहित,योगेंद्र राय,रियाज अंसारी,दीपक वर्मा, निशांत यादव। मुख्य सलाहकारः सूरज सिंह भवानी। अध्यक्ष : पुनम सिंह। मंत्री : कमला विश्वकर्मा। सह मंत्रीः दीपमाला कुमारी,सांध्य देवी, कार्यकारिणी अध्यक्ष : क्रांति सिंह, संगठन मंत्री : शिव किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष : कामिनी सिंह, सहकोषाध्यक्ष : अनुपमा सिंह, अंकेक्षकः नीरज कुमार जायसवाल। उपाध्यक्षः ज्योति सिंह, सुचित्रा देवी, नीला खलखो, शोभा गुप्ता, रानी राणा, नेहा महतो, प्रीति देवी। मीडिया प्रभारीः विवेक कुमार, सह मीडिया प्रभारीः सुबोध कुमार शर्मा,राजा सिंह, मुख्य आयोजन प्रभारीः शुभम चौधरी, आयोजन प्रभारीःसोनी कुमारी,ममता कुमारी,रितिका कुमारी,सलोनी पांडे,अनमोल गुप्ता,कोमल सिंह,दीपशिखा सिंह,आर्यन कुमार,वेदिका कुमारी,भारती देवी,सुनीता देवी, सलाहकार समितिःगुंजन गुप्ता शामिल हैं।

## श्री श्याम प्रभु का हुआ भव्य श्रृंगार, लगा भोग

**रांचीः** श्री श्याम मंडल की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का समापन मंगलवार को अग्रसेन पथ स्थित श्याम मंदिर में हुआ। इस अवसर पर रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार किया गया। प्रभु का खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व अहले सुबह से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्त पहुंचते रहे। वहीं, रात्रि आठ बजे से शुरू भजन संकीर्तन ने पूरे मंदिर परिसर को श्याममय बना दिया। राजेश सारस्वत, बालकिशन परशरामपुरिया, राकेश सारस्वत, चंद्रप्रकास बागला, धीरज बंका, पप्पी शर्मा समेत कई भक्त उपस्थित थे।

## होली को लेकर चलाया जाएगा विशेष सफाई अभियान

**रांची :** रांची नगर निगम की ओर से होलिका दहन से लेकर होली के बाद शहर में विशेष सफाई को लेकर अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता शाखा के सहायक प्रशासक की ओर से इस संबंध में मंगलवार को कार्यालय आदेश जारी किया गया है। इसमें निगम के सभी 53 वार्ड क्षेत्र में होलिका दहन के बाद प्रमुख चौक-चौराहे व गली-कूचों में मुहाने पर एकत्र भस्म को तत्काल साफ करने व होली के बाद कूड़ा उठाव का निर्देश दिया गया। शाखा की ओर से सभी जोनल व वार्ड सुपरवाइजर को त्यौहार को लेकर सभी मुख्य मार्ग की सफाई, कूड़ा-कचरा का उठाव, स्वीपिंग मशीन से नियमित रूप से सड़क व श्रमिकों के जरिए नालियों की सफाई का निर्देश दिया गया है।

## अमन साहू के भाई आकाश की औपबंधिक जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची :** गैंगस्टर अमन साहू के अंतिम संस्कार और अन्य क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए उसके छोटे भाई आकाश साहू द्वारा मांगी गयी औपबंधिक जमानत याचिका पर रांची ठक्अ की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान एनआईए और आकाश साहू की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। बता दें कि मुठभेड़ में मारे गये गैंगस्टर अमन साहू के भाई आकाश साहू ने रांची सिविल कोर्ट से औपबंधिक जमानत मांगी है। उसने ठक्अ की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर 13 दिनों की औपबंधिक जमानत मांगी है। आकाश साहू फिलहाल होटवार जेल में बंद है।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड, दो नाबालिग समेत छह गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने चोर गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुभाष उरांव, भागीरथ कुमार, संतोष लकड़ा, अमन कुमार के अलावा दो नाबालिग भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस की टीम ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी की और चोरी की चार बाइक के साथ दो नाबालिग समेत छह को गिरफ़्तार कर लिया। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर एसएसपी डीएसपी हटिया के नेतृत्व में कई टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है।

## रांची के 3.09 लाख घरों में लगा स्मार्ट मीटर

**रांची :** रांची जिले में तीन लाख नौ हजार उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुका है। इनमें 2.70 लाख उपभोक्ताओं का बिल जेनरेट कर उनके मोबाइल में मैसेज या व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिया गया है। यह जानकारी रांची एरिया बोर्ड के जीएम मनमोहन कुमार ने दी। बताया कि बहुत जल्द 3.50 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग जायेगा। उन्होंने बताया कि कई उपभोक्ताओं के प्रीपेड बैलेंस कम हो गये हैं, ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 90 हजार है। वैसे उपभोक्ता तत्काल राशि जमा कर प्रीपेड को रिचार्ज करा लें। अभी किसी का डिस्कनेक्शन नहीं किया जा रहा है। पर यह छूट अगले दो माह तक ही रहेगी। इसके बाद जिनका भी प्रीपेड रिचार्ज माइनस में जायेगा, उनका स्वतः बिजली कनेक्शन कट जायेगा। उपभोक्ता जितना संभव हो उतनी राशि अपने एकाउंट में जमा कर देंगे तो उनका बैलेंस बना रहेगा।

**गलत मोबाइल नंबर देनेवालों को नहीं मिल रहा है बिल :** जीएम ने बताया कि प्रारंभ में जब सभी उपभोक्ताओं से मोबाइल नंबर टैग कराने के लिए कहा गया था, तो कई उपभोक्ताओं ने या तो गलत मोबाइल नंबर दे दिया था या कोई एक डिजिट कम कर दिया था।

## इलाज के क्रम में महिला की मौत, बेटी इलाजरत

**रांची :** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू साके टोली स्थित घर में लूटपाट के दौरान अपराधियों के द्वारा मारपीट में घायल 58 वर्षीय रेणुका सिन्हा का इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वह सेवानिवृत्त प्रभात कुमार सिन्हा की पत्नी थी। वहीं मारपीट में घायल मृतिका की बेटी का इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार 28 फरवरी की रात रेणुका सिन्हा अपनी 26 वर्षीय बेटी के साथ सो रही थी। रात में तीन की संख्या में आएं अपराधी ताला तोड़कर उनके घर में घुस गए। तीनों ने घर में रखें गहने एवं मोबाइल लूट लिया। महिला एवं उनकी बेटी ने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर मौ बेटी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को रिम्स में भर्ती कराया। परिजन बेहतर इलाज के लिए राज अस्पताल ले गए। जहां इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई। मामले में बेटी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत हैं।

**शपथ पत्र**

मैं, पुष्पा कुमारी (Pushpa Kumari) पति शंकर सिंह, उम्र-46 वर्ष, ग्राम-सलडेगा, कुंजनगर, पोस्ट- सिमडेगा, थाना- सिमडेगा, जिला- सिमडेगा झारखंड शपथ पत्र बयान करती हूं-

1. यह कि, मेरा आधार कार्ड संख्या-75 96 08 96 1387 में अंग्रेजी में मेरा नाम Pushpa Kumari दर्ज है।
2. यह कि, आईडीबीआई बैंक शाखा सिमडेगा के खाता नं- 134910 4000045094 में अंग्रेजी में मेरा नाम Pushpa Singh दर्ज है।
3. यह कि, Pushpa Kumari एवं Pushpa Singh दोनों एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वयं हूं।
4. यह कि, मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

शपथ संख्या: 5786
दिनांक: 07.03.2025
शपथकर्ता

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Urban Health & Wellness Centre and Urban Polyclinic पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/ एजेन्सी/स्थानीय दुकानदार दिनांक 27.03.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ जमा करना होगा। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दर आमंत्रण सूचना बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

**नोट :- नियम, शर्ते एवं सामग्री सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 348377 Urban Development and Housing(24-25)#D

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## लोकतंत्र को वक्त मिले

क्या पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर किसी बड़ी उथलपुथल से गुजरने वाला है? यह सवाल इसलिए उठा क्योंकि रविवार को काठमांडू में नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ। न केवल पूर्व राजा के स्वागत में एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ उमड़ी बल्कि राजशाही की वापसी के नारे भी लगाए गए। इसे राजा समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पहले से थी तैयारी : खास बात यह कि इस प्रदर्शन को पूरी तरह आकस्मिक या स्वतःस्फूर्त नहीं माना जा सकता। पिछले करीब दो महीने से इसकी तैयारी की जा रही थी। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र इस दौरान राजधानी काठमांडू से दूर नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों मंदिरों में गए। राजनीतिक हलकों में इसे देश के दूर-दराज के इलाकों में अपनी लोकप्रियता जांचने की उनकी मुहिम के रूप में देखा जा रहा था। ओली के खिलाफ नारे : काठमांडू में हुए इस प्रदर्शन में लगाए जाने वाले नारे ज्यादातर तो राजा और राजशाही के समर्थन तक ही सीमित रहे, लेकिन एकाध मामलों में मौजूदा पीएम केपी ओली के खिलाफ भी नारे सुने गए। ओली पूर्व नरेश को सार्वजनिक रूप से यह चुनौती दे चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटने के इतने ही इच्छुक हैं तो अपनी एक राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ लें। निशाने पर लोकतंत्र : असल में प्रदर्शन का मकसद अपने पूर्व राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना भर नहीं लगता। 2006 में हुए ऐसे ही प्रदर्शनों के बाद नेपाल के तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके 2 साल बाद 2008 में नेपाल धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया। ऐसे में अगर राजशाही की वापसी और हिंदुत्व को राजधर्म घोषित करने की मांग सड़कों पर हो रही है, तो साफ है कि यह टकराव आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है। राजनीतिक अस्थिरता : इसमें दो राय नहीं कि 2008 में गणराज्य घोषित होने के बाद से लोकतंत्र की राह पर नेपाल की यात्रा बाधाओं से भरी रही है। राजनीतिक स्थिरता नहीं कायम की जा सकी। 17 वर्षों की इस अवधि में वहां 13 सरकारें बन चुकी हैं। लेकिन किसी भी देश में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होने में वक्त लगता है। सत्ता के लिए राजनीतिक दलों का आपस में झगड़ना किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक बात है। इसका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि लोकतंत्र के अपहरण की स्थिति बनने पर भी वे एक नहीं होंगे।

## क्या चाहते हैं राहुल


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिस तरह की साफगोई दिखाई, उसे उनके किसी सामान्य बयान की तरह नहीं लिया जा सकता। सार्वजनिक तौर पर पार्टी नेताओं के एक हिस्से को विरोधी पार्टी से मिलीभगत का दोषी बताना किसी भी नेतृत्व के लिए जोखिम भरा काम है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जोखिम सोच-समझ कर ही उठाया होगा, लेकिन इसके पीछे वास्तव में उसकी कितनी तैयारी है, यह पार्टी के आगामी कदमों से स्पष्ट होगा। राहुल गांधी के बयान की कुछ बातें खास तौर से ध्यान देने लायक हैं। मसलन- उन्होंने पार्टी की विचारधारा को सर्वोच्च कसौटी बनाने की बात कहते हुए कार्यकताओं से कहा कि इसे वे चुनावी हार-जीत से जोड़कर न देखें। जाहिर है, उनकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस सही अर्थों में बीजेपी का विकल्प बनी रहे। अन्य दलों से अलग : ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व की या बीजेपी की ही आलोचना तक खुद को सीमित नहीं रखते। वह बहस को सावरकर बनाम गांधी और संघ बनाम कांग्रेस की ओर ले जाने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। विपक्षी ब्लॉक एनडीए के अन्य दल और नेता इस मामले में उतने आक्रामक नहीं दिखते। इस लिहाज से अहमदाबाद में कही गई राहुल गांधी की बातें उनके दीर्घकालिक नजरिए के अनुरूप ही हैं। स्पष्ट विकल्प : अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को अपनी इस लाइन पर संगठित करते हुए कथित बीजेपी समर्थक मन-मिजाज वाले नेताओं से पार्टी को मुक्त कर लेते हैं तो वोटरों के लिहाज से यह इस मायने में अच्छा होगा कि उनके सामने दोनों विकल्प पूरी तरह स्पष्ट होंगे। वे चाहें तो भारतीयता को लेकर संघ की दृष्टि को चुनें या कांग्रेस के नजरिए से सहमति दिखाएं या बारी-बारी दोनों को आजमाते रहें। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक के भ्रम में दूसरे को चुन लें और छला हुआ महसूस करें। सबसे बड़ी परीक्षा : बहरहाल, एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को हर चुनाव का सामना करना है। ऐसे में उसका नेतृत्व चाहे या न चाहे उसके हर कदम, हर फैसले को चुनावी कसौटी से गुजरना ही होगा। राहुल गांधी के ताजा बयान की भी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि दो साल बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में वह पार्टी के लिए कितना फायदेमंद या नुकसानदेह साबित होता है।

# बदलते जमाने की रंग बदलती होली

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है।

**प्रियंका सौरभ**

होली ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। ₹आओ राधे खेलें फाग, होली आई₹ के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की



बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ₹हैप्पी होली के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण ₹होली मुबारक₹ ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरूआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खत्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई? आज, होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। काबोर्हाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें। डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद काबोर्हाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है।जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य ₹डायबिटीज₹ है- डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे ₹डायबिटीज₹ नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है। हाल ही में किए गए अध्ययनों में उपवास प्लाज्मा ग्लूकोज के स्तर को शामिल करते हुए डायबिटीज के प्रसार का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान किया गया है। यह विशेष रूप से दक्षिण एशिया जैसे उच्च बोझ वाले क्षेत्रों में निदान न किए गए मामलों की पहचान करने में मदद करता है। कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। काबोर्हाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक? ?सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं। डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते। डायबिटीज का प्रबंधन करने के लिए निरंतर देखभाल और परिश्रम की आवश्यकता होती है। हालाँकि यह शुरू में बहुत भारी लग सकता है लेकिन समय के साथ आप इस स्थिति का प्रबंधन करने और अपने शरीर के साथ तालमेल बिठाने में बेहतर समझ हासिल कर लेंगे। अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से नियमित रूप से मिलते रहें। डायबिटीज के प्रबंधन में टीम के प्रयास की आवश्यकता होती है-आप चाहेंगे कि चिकित्सा पेशेवर, मित्र और परिवार आपके साथ हों। यदि आपको मदद की आवश्यकता हो तो उनसे संपर्क करने में संकोच न करें। भारत ने डायबिटीज को लेकर कई कदम उठाए हैं, चुनौती की गंभीरता को देखते हुए गहन और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। निदान को बढ़ाना, प्राथमिक स्तर पर व्यापक देखभाल को एकीकृत करना और जीवनशैली और व्यवहार सम्बंधी कारकों, विशेष रूप से तंबाकू के उपयोग को सम्बोधित करना, 2030 के डब्ल्यूएचओ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं

ब्रह्मपुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्राह्मणी योगाभ्यास करते-करते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं- वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या। गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश-ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है। गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं। इसके पास सूर्य, चंद्र, अश्विनी तीर्थ हैं। लोग यहां कपड़े पहनकर स्नान करते हैं। रामकुण्ड के पीछे सीताकुण्ड है। पास में द्विमुखी हनुमान की प्रतिमा है। वहीं हनुमान कुण्ड, दशाश्वमेध तीर्थ हैं। पास में नारो शंकर मंदिर है। उसके आगे पेशवा कुण्ड, खण्डोवा कुण्ड, ओक कुण्ड, वैशम्पायन कुण्ड, इन्द्र कुण्ड, मुक्तेश्वर कुण्ड हैं। इसी गोदावरी में अहिल्या संगम तीर्थ है। सभी कुण्डों पर स्नान-ध्यान, पिण्डदान और तर्पण किये जाते हैं। रामकुण्ड के ऊपर गंगाजी का मंदिर है। पास में गोदावरी मंदिर है। यह बारह वर्ष में केवल एक बार खुलता है। मंदिर के सामने बाणेश्वर शिवलिंग है। पास ही राम मंदिर है जिसे अहिल्याबाई ने स्थापित किया था। वहीं कुछ सीढ़ी ऊपर कपालेश्वर शिव मंदिर है। कपालेश्वर से दो फलांग की दूरी पर विशाल राम मंदिर काले पत्थर से निर्मित है। वहीं पंचवटी है जहां पांच बरगद के वृक्ष हैं। बरगद के वृक्ष के पास सीता गुफा है। सीता गुफा के पास ही भगवान नटराज की मूर्ति है। पास में ही राम गया तीर्थ है। पंचवटी के पुल के पास सुन्दरनारायण भगवान की मूर्ति है। यहां के प्रसिद्ध अन्य मंदिर निम्न हैं- उमा महेश्वर, नील कण्ठेश्वर, पंचरत्नेश्वर, गोराराम मंदिर, मुरलीधर, तिलभाण्डेश्वर, भद्रकाली, एकमुखदन्त एवं मुक्तेश्वर की अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण मंदिर हैं। जहां गोदावरी में कपिला नामक नदी मिलती है वही तपोवन है। यहीं शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण ने काटी थी। यहां आठ तीर्थ हैं- ब्रह्म तीर्थ, शिव तीर्थ, विष्णु तीर्थ, अग्नि तीर्थ, मुक्ति तीर्थ, कपिला तीर्थ और संगम तीर्थ। इन तीर्थों के पास कई मंदिर हैं। नासिक से दस किमी की दूरी पर गंगापुर प्रपात है लेकिन अब यह प्रप्रात लुप्त हो गया है लेकिन यहां अनेक छोटे-छोटे तीर्थ हैं।

## सेहत

### बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं

क्या आपका पेट हफ्ते में 2-3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।

**कीवी का सेवन करें**

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

**नाशपती :** नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई ऋछ्रउ्रअढ केमिकल होता है।

**सेब :** सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

# होली का पर्व आपसी सौहार्द भाईचारे का पर्व है : सीईओ

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा:** रंगों का त्योहार होली पर्व और रमजान महीने को लेकर राधानगर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीईओ जयंत कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द भाईचारे का पर्व है।इसे शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। बैठक में ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की और कहा कि रमजान माह के दौरान मस्जिदों और होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, होली के दौरान विशेष रूप से पाकीजा मोड केलाबाड़ी हड़मल्ली में निगरानी रखी जाएगी। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से अपील की गई कि होली को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। रंग से परहेज करने वालों के साथ जबरदस्ती न करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। होली में हुड़दंग करने वाले शराबी और स्पीड वाहन चलाने वाले युवकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हंसदा, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## होली और ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : दिनेश यादव

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** राजद के जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव नें साहिबगंज जिलावासियों से रंगों का त्योहार होली और रमजान का त्योहार को शांति,आपसी एकता हर्षौल्लास सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है।दिनेश यादव ने कहा है। कि जंहा होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई को दशार्ता है और होलिका दहन के साथ ही सभी बुरे विचार उसमें जल कर रह जाते हैं। वंही ईद का त्योहार त्याग और मजहब के प्रति समर्पण को दशार्ता है।और यह बताता है। कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए,जिसमें कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।



# शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाएं : सदर एसडीओ

मेट्रो रेज



साहिबगंज : नगर थाना परिसर में सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि 13 मार्च की रात्री को होलिका दहन होगा।15 मार्च को जिला में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। 13 मार्च से 15 मार्च तक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। होलिका दहन करने वाले पर्याप्त मात्रा में पानी और बालू रखे, ज्वलनशील जगह ओर ज्वलनशील सामग्री आसपास न रखे। शांतिपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाए। जबरदस्ती या फेंककर किसी को रंग गुलाल न लगाए। होली प्यार का त्यौहार है। सभी मिलकर शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाए। 80 से ज्यादा चिन्हित स्थलों में मजिस्ट्रेड व सैकड़ो स्थानों में पुलिस बल की तैनाती टाइगर मोबाइल की तैनाती की गई है। सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। तेज रफ्तार बाइक चालक नशाबाज, उपद्रवी, हुडदंगी पर प्रशासन की पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। कोई भी अप्रिय घटना होने पर जिला प्रशासन को सूचित करे।सोशल मीडिया में इसको साझा न करे। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। समाज के सभी वर्ग के लोग मिलजुल कर शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाए। डीजे पर पाबंदी है। वही शांति समिति सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

# कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई नौवीं की बोर्ड परीक्षा

मेट्रो रेज

साहिबगंज/उधवा: झारखंड अधिविद्य काउंसिल रांची जैक द्वारा आयोजित नौवीं बोर्ड की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 2303 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उधवा के चार परीक्षा केंद्रों में से प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में 602 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय मध्य विद्यालय उधवा में 380 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर में 537 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल श्रीधर में 784 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को बारी-बारी से जांच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। परीक्षा केंद्रों पर केंद्राधीक्षक नुसरत जहां, रौशन भगत, मो. युसूफ, रवि मिश्रा, शिक्षक अनिल प्रमाणिक, ओमप्रकाश आर्य, हबीबुर रहमान, नाईम अख्तर, गौरचंद्र मंडल, खुशीराम सरकार, कुणाल किशोर,वसीम अकरम, प्रोमीर दास, सुशांतो घोष, सुशील राय सहित अन्य मौजूद थे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार मंडल ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



# भाई ने भाई को लाठी-डंडे से मारकर किया घायल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत के खाड़ी टोला गांव में मंगलवार को घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में 35 वर्षीय बबलू घोष गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना तब हुई जब बबलू अपने घर में थे और उनके छोटे भाई के साथ किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर लाठी-डंडे मारकर घायल कर दिया।जिससे बड़े भाई के सिर से खून बहने लगा। घायल की पत्नी ने आनन-फानन में घायल को राधानगर थाना लेकर पहुंची, जहां पुलिस ने जख्म प्रतिवेदन देकर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और घायल की स्थिति को स्थिर बताया। इस घटना के बारे में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। और मामले की जांच की जा रही है।समाचार लिखे जाने तक पीड़ित ने थाने में आवेदन नहीं दिया था।लेकिन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दरबार के माध्यम लोगों की समस्याओं का निदान करना मुख्य उद्देश्य : बरकत

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा:** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति जनता दरबार के माध्यम प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया।इसी क्रम चंदनपुर माधोपाड़ा,विनोदपुर, मधुआपाड़ा तलबड़िया ,उधवा डोमपाड़ा बरारी यादवनगर,पलासबोना,मयूरकोला आदि ग्रामों के लोगों ने पीएम आवास,अबुवा आवास की राशि भुगतान से संबंधित,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने से संबंधित,जाति आय निवास से संबंधित,बिजली से संबंधित,पेंशन से संबंधित, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे।उपर्युक्त शिकायतों को सुनकर बरकत खान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से वातार्लाप कर कुछ समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया तथा बाकी समस्याओं का जल्द निदान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिए गए।वही जनता उच्च विद्यालय ग्वालखोर के हेड मास्टर मुस्ताक अहमद एवं सहायक मास्टर जहांगीर जी ने विद्यालय में सेट निर्माण हेतु विधायक प्रतिनिधि बरकत खान को आवेदन दिया।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू,प्रखंड महासचिव नेहाल अख्तर,अनारूल खान,गणेश शाह,तपेश्वर शाह,विक्की कर्मकार,धर्मेंद्र साह,मोहसिन सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कृषि मेला

# किसानों को नई तकनीकों और अवसरों की मिली जानकारी

मेट्रो रेज



साहिबगंज:आत्मा समिति सहाय्य अनुदान योजना के तहत बोरियो प्रखंड परिसर, बड़हरवा प्रखंड में आयोजित कृषि मेले के बाद, राजमहल प्रखंड परिसर में अंतिम एक दिवसीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेले में राजमहल, उधवा और तालझारी प्रखंडों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय विधायक प्रतिनिधि राजमहल गुड्डू राजा, प्रमुख लक्ष्मी उरांव, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी राजमहल मो. यूसुफ, जिला उद्यान पदाधिकारी साहिबगंज, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ साहेबगंज, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनीसुर रहमान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाना बेहद जरूरी है। यह मेला किसानों को आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है।विधायक प्रतिनिधि गुड्डू राजा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, ₹कृषि मेले किसानों के लिए नई तकनीकों, जैविक खेती एवं उद्यानिकी में उन्नति के अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के आयोजन हर मौसम में होने चाहिए, जिससे किसानों को लगातार नई जानकारियाँ मिल सकें।उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। यह मेला किसानों को कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और अन्य नवीन तकनीकों से अवगत कराने का सुनहरा अवसर है। सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ₹किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक रहना होगा।सभी अतिथियों ने कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पाद, फसलों, फलों, फूलों और सरकारी योजनाओं के स्टालों का जायजा लिया। उन्होंने विशेषज्ञों और स्टाल संचालकों से संवाद कर किसानों की जरूरतों और उनकी उपयोगिता पर चर्चा की।इस दौरान जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक ने असर्वेक्षित भूमि के किसानों के लिए भी योजनाओं के विस्तार की मांग की।मेले में किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप सेट का प्रदर्शन किया गया। जिससे किसान खासे उत्साहित नजर आए।इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पाद, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया।संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलीहाउस तकनीक, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई और मशरूम उत्पादन जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी।किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर हमने अपनी पैदावार में वृद्धि की है।कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को इन योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया, अनुदान और लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। मेले में शामिल किसानों ने इसे बेहद लाभकारी बताया। एक किसान ने कहा, ऐसे मेलों से हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका मिलता है।जिससे हम अपनी खेती को अधिक उन्नत बना सकते हैं। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजमहल सबेस्टियन हांसदा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कैलाश वर्मा प्रखंड कृषि पदाधिकारी उधवा ओम प्रकाश साहा, जनसेवक अंजनी कुमार, पंकज कुमार, अनिल मंडल, रवि हेम्ब्रम, संजीव कुमार, शम्स आजम, ललन किस्कू, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजित शर्मा, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार, आत्मा के लिपिक अमित कुमार सहित किसान उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### विधायक प्रतिनिधि ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**साहिबगंज/पतना :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चण्डोला पहाड़ में खेलों को बढ़ावा देने व ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जुनियर स्टाईल स्पोर्टिंग चिल्डेन क्लब,चण्डोला पहाड़ के द्वारा स्थान :- चण्डोला पहाड़ पतना साहिबगंज झा० में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत फीता काट कर बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने किया। इस दौरान बरकत खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।जिला अध्यक्ष बरकत खान ने उपस्थित ग्रामीण व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सभी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी कि वे बढ़िया खेलें और खिताब जीते।जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की खिलाड़ियों को समय-समय पर ऐसे आयोजनों का अवसर दिया जाना चाहिए ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है।ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।जरूरत है।तो बस उन्हें सही मंच और सुविधाएं देने की राज्य सरकार भी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर आमडंडा मुखिया पति बोदु मालतो,मताल टुडू,सुरेश प्रधान देवेन्द्र मालतो,सूर्य कुमार,बिशु मालतो,सुकरा,पतरस मालतो इत्यादि सहित सैकड़ो खेलप्रेमी मौजूद थे।



### शादी का प्रलोभन देकर युवती को भगाकर ले जाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी गांव से एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में तीन और लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी निवासी दीनू मोमिन ने पुलिस से लिखित शिकायत की थी। दिए गए आवेदन में अपहृता के पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाया था।अपहृता लड़की के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को सारिफुल शेख उर्फ सादिकूल शेख ने शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया है। उन्होंने इस मामले में सरीफुल शेख उर्फ सादिकुल शेख, मकसूद शेख, फिरोजा बीबी व दानेश शेख को नामजद आरोपित बनाया है। मामले को लेकर लड़की के पिता के बयान पर चार लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 82/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अपहृता को आरोपी के चुंगल से छुड़ा कर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को चिकित्सा जांच के उपरांत मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एसआई हसनैन अंसारी, गंगा प्रसाद यादव, एएसआई मनोज कुमार पासवान आदि थे।



### बीएड कॉलेज की मान्यता रद्द करने का निर्णय हो वापस

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने रांची स्थित कार्यालय में झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा तकनीकी एवं नगर विकास मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू से मुलाकात कर सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के अधीन साहिबगंज पाकुड़ और गोड्डा बीएड कॉलेज की मान्यता को एनसीटीई द्वारा वापस लेने के निर्णय पर पुन :विचार करने की मांग को लेकर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौपा है।विधायक ने बताया झारखंड का साहिबगंज पाकुड़ और गोड्डा काफी पिछड़ा इलाका है यहां पर आदिवासी अल्पसंख्यक एवं ओबीसी वर्ग के लोग काफी निवास करते हैं एवं काफी संख्या में इसके विद्यार्थी भी है इन तीन जिलों के बीएड कॉलेज में छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यहां का कॉलेज की मान्यता पिछले दिनों रद्द होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिस कारण यहां के छात्रों का भविष्य अंधकार हो जाएगा यहां के बच्चे अब बीएड करने के लिए आखिर कहां जाएंगे क्योंकि बीएड कॉलेज की मान्यता रद्द होने की सूचना मिल रही है ऐसे में संथाल परगना के सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के अधीन इन तीन बीएड कॉलेज की मान्यता को रद्द न करते हुए पढ़ाई जारी रखा जाए ताकि यहां के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके इस संबंध में विधायक ने बताया कि मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू ने कहा कि हमारे झारखंड सरकार विद्यार्थियों के साथ भेदभाव होने नहीं देगी यहां के विद्यार्थी चिंता नहीं करें सरकार स्तर पर अधिकारी इस संबंध में बात कर रहे हैं।



### चांद भैरव युवा क्लब का फुटबॉल मैच आयोजित

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत रिसौड़ पंचायत में मंगलवार से त्रिदिवसीय फुटबॉल मैच का शुभारंभ चांद भैरव युवा कल्ब रिसौड़ के द्वारा हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरहरवा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्यामल दास एवं भाजपा बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता बिक्की उपस्थित हुए।नगर परिषद अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मैच का शुभारंभ किया।साथ ही मौके पर पतान घोष,रिसौड़ मुखिया मंडल किस्कू एवं कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।नगर परिषद अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को संबोधित किया।साथ ही खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।क्लब के सदस्यों ने बताया कि खेल सोलह टीमों का होगा तथा यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगा।मुखिया ने बताया कि रिसौड़ क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता करवाया जाता है।जिससे फुटबॉल के प्रति फुटबॉल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़े।इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुवार को खेला जाएगा।



### ट्रक के धक्के से बिजली पोल क्षतिग्रस्त,बाल बाल बचें राहगीर

साहिबगंज :बरहरवा :बरहरवा-फरक्का मुख्य मुख्य पथ में सिराशिन चौक के पास सोमवार शाम एक ट्रक के धक्के से बिजली पॉल क्षतिग्रस्त हो गया है।जानकारी के अनुसार एनएच 80 के बगल में खोदकर पाइप डाला जा रहा है।लेकिन मिट्टी को खोदकर एनएच 80 में फेंका जा रहा है।जिससे सड़क में जाम की समस्या उत्पन्न हो रहा है।साथ ही राहगीर हादसे का शिकार हो रहे है।परंतु पानी कही और जाएगा लेकिन आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वही बीते कल रामनगर के पास सड़क में मिट्टी के कारण लंबा जाम लगा था।उधर,ग्रामीणों ने कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य को मामले की जानकारी दिया। उन्होंने इसे लेकर बिजली विभाग के एसडीओ सत्यम मरांडी से कानूनी कार्यवाही करने का अनुरोध किया।साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन व राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं।



# प्रभास की फिल्म द राजा साब की रिलीज में होगी और देरी?

साउथ सुपरस्टार प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन प्रोडक्शन में देरी के चलते इसे टाल दिया गया। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की खबर के मुताबिक फिल्म की शूटिंग में और देरी होने वाली है, क्योंकि चार गाने और क्लाइमेक्स सीन अभी बाकी हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास इस समय अपनी दूसरी फिल्म पर ध्यान दे रहे हैं, जिसका निर्देशन हनु राघवपुडी कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ महीने पहले प्रभास को चोट भी लग गई थी, जिसके कारण शूटिंग और प्रभावित हुई। इन सभी वजहों से द राजा साब की शूटिंग अभी पूरी नहीं हो पाई है।




## रश्मिका मंदाना ने बताया थामा के सेट पर कैसा होता है नाइट शूट

रश्मिका मंदाना इन दिनों आयुष्मान खुराना के साथ अपनी आगामी फिल्म थामा की शूटिंग कर रही हैं। एनिमल अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के नाइट शेड्यूल की एक झलक दिखाई। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें से एक में वह कार में सोती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ अभिनेत्री ने लिखा, नाइट शूट। मुझे नाइट शूट कितना पसंद है। एक अन्य तस्वीर में रश्मिका अपनी वैनिटी में एक ट्रैवल कप पकड़े हुए नजर आ रही हैं, जिस पर लिखा है, थामा नाइट शूट। फिल्म अभिनेता आयुष्मान ने खुलासा किया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए थामा की शूटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई थी। आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह और उनके क्रू मेंबर्स फोन पर भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच देख रहे हैं। भारत के फाइनल जीतने के बाद, अभिनेता और उनकी थामा टीम ने जीत का जश्न मनाया। हालांकि, जश्न के बाद टीम धीरे-धीरे शूटिंग स्थल की ओर बढ़ गई। अभिनेता आयुष्मान ने पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, शूट रुक जाती है जब इंडिया जीत जाता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के जीतने पर। यह फिल्म खूनी पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक प्रेम कहानी होने वाली है। आयुष्मान और रश्मिका की मुख्य जोड़ी के साथ इस परियोजना में परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



# अदा शर्मा बोली- 'डिजाइनर कपड़े पहनने से कोई सफल नहीं होता है'

**अदा** शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला। अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी' का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं।



# अक्षय कुमार ने करोड़ों में बेचा अपना मुंबई वाला लग्जरी अपार्टमेंट

**बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहते हैं। एक्टर जल्द ही कई अपकमिंग प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं, जिसको लेकर वह सुर्खियों में रहते हैं। इसी बीच खिलाड़ी कुमार अलग ही चर्चा में गए हैं। खबर है कि एक्टर ने मुंबई में एक करोड़ों की डील की है। अक्षय ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट इलाके में अपना एक लग्जरी अपार्टमेंट बेच दिया है।**

## 7 साल पहले खरीदी प्रॉपर्टी से कमाया इतना मुनाफा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार ने यह अपार्टमेंट 4.35 करोड़ रुपये में बेचा है। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन की वेबसाइट पर इस प्रॉपर्टी से जुड़े रजिस्ट्री पेपर्स के मुताबिक, यह डील इसी महीने मार्च 2025 में हुई है। अक्षय ने जो अपार्टमेंट बेचा है, वह इलाके के स्काई सिटी बिल्डिंग में है, जिसे ओबेरॉय रियल्टी ने बनाया है। यह सोसाइटी 25 एकड़ में फैली हुई है। रिपोर्ट और रजिस्ट्री पेपर्स के अनुसार, अक्षय कुमार के इस अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 1,073 स्क्वायर फीट है। इसके साथ ही एक्टर ने दो कार पार्किंग भी खरीदी थी। एक्टर ने इस लेन-देन के लिए 26.1 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई है। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार ने यह अपार्टमेंट करीब 7 साल पहले नवंबर 2017 में 2.37 करोड़ रुपये में खरीदा था और अब इसे 4.35 करोड़ रुपये में बेचा है। इस तरह उन्हें इस डील से अक्षय ने 183.54% मुनाफा कमाया है।

# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन: शी युकी और ली शिफेंग दूसरे दौर में



एजेंसी

**लंदन :** चीन के शीर्ष वरीय शी युकी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वाडोयो को सीधे सेटों में 21-13, 21-8 से हराया। शी (29) का मुकाबले से पहले वाडोयो के खिलाफ 4-0 का सिर-से-सिर रिकॉर्ड था और उन्होंने केवल 34 मिनट में विश्व नंबर 34 वाडोयो (26) को पराजित कर दिया। शी, जो वर्तमान में विश्व नंबर 1 हैं, अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। चाउ (विश्व नंबर 9) ने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-10, 21-12 से मात दी। शी के हमवतन ली शिफेंग, जिन्होंने दो साल पहले ऑल इंग्लैंड खिताब जीता था, ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-11, 18-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब वह टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीय डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन की जोड़ी ने 22-20, 21-18 से हराया। महिला एकल वर्ग में शीर्ष दो वरीय, दक्षिण कोरिया की आन से-यंग और चीन की वांग झीयी, बुधवार को अपने-अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।वहीं, तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची ने पहले दौर में वियतनाम की नगुएन थुई लिन्ह को 21-19, 21-12 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025: आर्मी के जवानों का दबदबा, हिमाचल प्रदेश ने पदक तालिका में ली बढ़त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे और अंतिम चरण के तीसरे दिन भारतीय सेना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। आर्मी की चौकड़ी - नरसिंह थापा, राजेश्वर सिंह, सुनील राय और विशाल चंदल ने 49:58.1 के समय के साथ पुरुषों की स्की माउंटेनियरिंग रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं। उत्तराखंड की टीम - हिमांशु सिंह, हिमांशु कावन, सुनील राय और विशाल चंदल ने 52:50.97 समय के साथ रजत पदक जीता। राजेश्वर सिंह, जो पिछले तीन वर्षों से स्की माउंटेनियरिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं, ने इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर खुशी जाहिर की। उन्होंने इससे पहले स्की माउंटेनियरिंग स्प्रिंट स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। राजेश्वर, जो इस समय गुलमर्ग स्थित हाई-एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं, ने कहा, ₹आर्मी ने मुझे हमेशा समर्थन दिया है और मेरे वरिष्ठों ने मुझे खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। गुलमर्ग में तैनात होने से मुझे यहां की परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं और खेलो इंडिया ने



**तीसरे दिन के प्रमुख परिणाम–**

अल्पाइन स्कीइंग (महिला स्लालम):
स्वर्ण – अंचल ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
रजत –तनुजा ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
कांस्य –प्रमिला ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
नॉर्डिक स्कीइंग (पुरुष 15 किमी):
स्वर्ण – सनी सिंह (भारतीय सेना)
रजत –स्टैंजिन (भारतीय सेना)
कांस्य – थुपस्तान (भारतीय सेना)

**नॉर्डिक स्कीइंग (महिला स्प्रिंट):**

स्वर्ण – कुसुम राणा
रजत – भवानी थेक्कड़ा (कर्नाटक)
कांस्य – सेलमा सोरेंग
स्की माउंटेनियरिंग (पुरुष रिले):
स्वर्ण – भारतीय सेना (नरसिंह थापा, राजेश्वर सिंह, सुनील राय, विशाल चंदल)
रजत – उत्तराखंड (हिमांशु कावन, हिमांशु सिंह, मयंक डिमरी, शार्दुल थपलियाल)
कांस्य – हिमाचल प्रदेश (साहिल, गरवित ठाकुर, सिद्धार्थ नेगी, तेनजिन बोध)
स्नोबोर्डिंग (महिला स्लालम):
स्वर्ण – प्रीति ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
रजत – प्रकृति ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)
कांस्य – उर्मिला पाबले (महाराष्ट्र)

हमारे जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच दिया है।

सेना पदक तालिका में शीर्ष पर, हिमाचल प्रदेश ने बढ़त बनाई

भारतीय सेना ने नॉर्डिक स्कीइंग पुरुषों की 15 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। आर्मी के सनी सिंह ने 41:04.54 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि स्टैंजिन (41:20.70) ने रजत और थुपस्तान (41:51.38) ने कांस्य पदक जीता। हिमाचल प्रदेश ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पदक तालिका में जबरदस्त बढ़त बनाई। राज्य ने अल्पाइन स्कीइंग महिला स्लालम स्पर्धा में स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों पदक अपने नाम किए। अंचल ठाकुर (स्वर्ण), तनुजा ठाकुर (रजत) और प्रमिला ठाकुर (कांस्य) ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। स्नोबोर्डिंग महिला स्लालम में भी हिमाचल प्रदेश का दबदबा रहा। प्रीति ठाकुर ने स्वर्ण और प्रकृति ठाकुर ने रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की उर्मिला पाबले ने कांस्य पदक जीता। प्रीति ठाकुर ने अपनी जीत के बाद कहा, ₹प्रतियोगिता जितनी कठिन होगी, हमारा स्तर उतना ही ऊंचा होगा। मैंने 20 साल की उम्र में स्नोबोर्डिंग शुरू की और पिछले तीन वर्षों से प्रशिक्षण ले रही हूं। राजा खान से कोचिंग लेने के बाद मैंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। मेरा सपना है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करूं। इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) की महिला स्कीयरों ने नॉर्डिक स्कीइंग स्प्रिंट स्पर्धा में तीनों पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। कुसुम राणा ने 06:40.59 के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि कर्नाटक की भवानी थेक्कड़ा (06:43.65) ने रजत और क्ळ्इढ की सेलमा सोरेंग ने कांस्य पदक जीता।

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन: शी युकी और ली शिफेंग दूसरे दौर में

लंदन : चीन के शीर्ष वरीय शी युकी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वाडोयो को सीधे सेटों में 21-13, 21-8 से हराया। शी (29) का मुकाबले से पहले वाडोयो के खिलाफ 4-0 का सिर-से-सिर रिकॉर्ड था और उन्होंने केवल 34 मिनट में विश्व नंबर 34 वाडोयो (26) को पराजित कर दिया।



शी, जो वर्तमान में विश्व नंबर 1 हैं, अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। चाउ (विश्व नंबर 9) ने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-10, 21-12 से मात दी।शी के हमवतन ली शिफेंग, जिन्होंने दो साल पहले ऑल इंग्लैंड खिताब जीता था, ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-11, 18-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब वह टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीय डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन की जोड़ी ने 22-20, 21-18 से हराया। महिला एकल वर्ग में शीर्ष दो वरीय, दक्षिण कोरिया की आन से-यंग और चीन की वांग झीयी, बुधवार को अपने-अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। वहीं, तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची ने पहले दौर में वियतनाम की नगुएन थुई लिन्ह को 21-19, 21-12 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025: आर्मी के जवानों का दबदबा, हिमाचल प्रदेश ने पदक तालिका में ली बढ़त

नई दिल्ली : खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे और अंतिम चरण के तीसरे दिन भारतीय सेना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। आर्मी की चौकड़ी - नरसिंह थापा, राजेश्वर सिंह, सुनील राय और विशाल चंदल ने 49:58.1 के समय के साथ पुरुषों की स्की माउंटेनियरिंग रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

उत्तराखंड की टीम - हिमांशु सिंह, हिमांशु कावन, सुनील राय और विशाल चंदल ने 52:50.97 समय के साथ रजत पदक जीता।

राजेश्वर सिंह, जो पिछले तीन वर्षों से स्की माउंटेनियरिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं, ने इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर खुशी जाहिर की। उन्होंने इससे पहले स्की माउंटेनियरिंग स्प्रिंट स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। राजेश्वर, जो इस समय गुलमर्ग स्थित हाई-एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं, ने कहा, ₹आर्मी ने मुझे हमेशा समर्थन दिया है ।

# पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक: रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अबतक 104 यात्री बचाए गए, बीएलए का सुरक्षाबल के 30 जवानों को मारने का दावा

एजेंसी

**क्वेटा :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जिस पैसेंजर ट्रेन जफर एक्सप्रेस पर हमला कर यात्रियों को बंधक बनाया था, उसके लिए चलाए गए सेना के बचाव अभियान के दौरान अभीतक 104 यात्रियों को बचाने और 16 विद्रोहियों को मारने का दावा किया गया है। जबकि बीएलए ने पाकिस्तानी सुरक्षाबल के 30 जवानों को मारने का दावा किया है। बीएलए अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है। ट्रेन के 9 डिब्बों में 400 से ज्यादा यात्री सवार थे। पाकिस्तानी मीडिया समूह जीयो न्यूज के मुताबिक ट्रेन के बंधकों को छुड़ाने का सेना का अभियान बुधवार को भी जारी है रेलवे अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि जफर एक्सप्रेस से बचाए गए 57 यात्रियों को बुधवार सुबह क्वेटा पहुंचाया गया। बचाए गए 23 अन्य यात्री मच्छ में हैं। इन बचाए गए यात्रियों में 58 पुरुष, 31 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं।

**बंधकों की रिहाई के किए जा रहे सभी प्रयास: शहबाज शरीफ**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि दुर्गम इलाका होने के बावजूद हमारे सैनिक बड़ी बहादुरी से बंधकों को छुड़ाने में लगे हैं और ये जवान पूरे जोश के साथ बचाव अभियान चला रहे हैं। बंधकों की सुरक्षित रिहाई के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पाकिस्तान के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा है कि अपहर्ता जाफर एक्सप्रेस के कई यात्रियों को ट्रेन से उतारकर पहाड़ी इलाके में ले गए हैं।



**ट्रेन पर हमला कर यात्रियों को बनाया बंधक**

इससे पहले मंगलवार को बीएलए ने मंगलवार को ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसको अपने कब्जे में ले लिया। विद्रोहियों ने ट्रेन के 214 यात्रियों को बंधक बना लिया। आम यात्रियों के साथ-साथ बंधकों में सेना के जवान, अर्धसैनिक बल, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी भी शामिल हैं। क्वेटा से पेशावर जा रही इस 9 कोच वाली ट्रेन में लगभग 500 यात्री सवार थे। हमलावरों ने ट्रेन को एक सुरंग में विस्फोट और गोलीबारी के माध्यम से रोका, जिससे ट्रेन चालक घायल हो गया। बीएलए ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाक सेना ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। फिलहाल यह ट्रेन हाईजैक के बाद सुरंग के पास खड़ी है।

**क्या है बीएलए की मांग**

बलूचों को पहली और सबसे बड़ी मांग है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान की किसी भी एजेंसी का कोई प्रतिनिधि नहीं होना चाहिए। संगठन का मानना है कि चीन के साथ सीपीईसी प्रोजेक्ट से बलूचिस्तान की खनिज संपदा का लगातार दोहन हो रहा है और इसके चलते बड़ी संख्या में बलूच समुदाय के लोग विस्थापित हुए हैं। बलूच इस प्रोजेक्ट के यहां से हटाने की लगातार मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान की जेलों में बंद अपने साथियों को तत्काल रिहा करने की भी मांग कर रहे हैं। अपनी इन मांगों को लेकर बीएलए पिछले कई सालों से पाकिस्तान पर हमले करता रहा है। कब हुई बीएलए की स्थापनाभारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय से ही बलूचिस्तान के लोगों का मानना था कि वह स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता चाहता था लेकिन उसे जबर्दस्ती पाकिस्तान में शामिल कर लिया गया। यह असंतोष समय के साथ बढ़ता गया और बलूचिस्तान की आजादी की मांग को लेकर कई संगठनों के बीच बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे ताकतवर बनकर उभरा। माना जाता है कि 1970 में इस संगठन की नींव पड़ी और जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार खिलाफ बलोचों ने सशस्त्र विद्रोह की शुरूआत कर दी। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में बीएलए के प्रमुख नेता रहे बलोचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार अकबर खान बुगती की हत्या ने बीएलए के गुस्से को और भड़का दिया।

## अमेरिका ने दी थी अपने नागरिकों को चेतावनी

खास बात यह है कि दो दिनों पूर्व ही अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए उनसे पाकिस्तान की यात्रा करने के बारे में पुनर्विचार करने की सलाह दी थी। ट्रैवल एडवाइजरी में अमेरिकियों से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की यात्रा ना करने के लिए कहा गया। इसमें कहा गया है कि हिंसक समूह पाकिस्तान में हमलों की साजिश रचते और उसे अंजाम देते रहते हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकी हमले बढ़े हैं। बड़े पैमाने पर हुए इन आतंकवादी हमलों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान सुरक्षा के मामले में अस्थिर बना हुआ है।

**भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से किया था इनकार**

भारत ने रविवार को खत्म हुए चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान जाने से साफ कर दिया था। चैम्पियंस ट्रॉफी का मेजबान देश इसबार पाकिस्तान था लेकिन भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इसमें भारत के लिए हाईब्रिड मॉडल रखने जाने की शर्त रखी थी जिसे आईसीसी ने मान लिया। जिसके बाद भारत ने टूनार्मेंट के अपने सभी मैच दुबई में खेले भारत फाइनल में पहुंचा इसलिए इसका फाइनल मैच भी पाकिस्तान की बजाय दुबई में हुआ।

## बिहार के भोजपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत 2 की हालत गंभीर

एजेंसी

**पटना :** बिहार में भोजपुर जिले के बिहिया थाना के बेलवानीय गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों के कीटनाशक खाने से तीन लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। बिहिया थाने के सब इंस्पेक्टर भगत यादव ने बताया कि बेलवानीया गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक दवा खा ली जिससे तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे तभी इन सभी ने जहर खाया। घटना के बाद घर के बाकी के सदस्य जब शादी समारोह से घर पहुंचे तो दरवाजा खुलवाने लगे लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद दरवाजे को तोड़ा गया और देखा कि पिता सहित उनके चारों बच्चे गंभीर हालत में पड़े है। जिसके बाद परिजनों ने उन पांचों को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहर खाने वालों में अरविंद कुमार, उनकी पुत्री नंदनी कुमारी (12 वर्ष), डॉली कुमारी (5 वर्ष), आदर्श कुमार (10 वर्ष) एवं टोनी कुमार (6 वर्ष) शामिल हैं। इनमें नंदनी कुमारी, डॉली कुमारी और टोनी की मौत हो गयी। घटना के कारणों का अभीतक पता नहीं चला है। परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे है। हालांकि पत्नी की मौत के बाद से पिता अपने बच्चों को लेकर काफी परेशान चल रहे थे।

## खाटू बाबा के लक्खी मेले का समापन, दर्शन 43 घंटे तक रहेंगे बंद

**सीकर :** खाटूश्यामजी के मेले में मंगलवार को द्वादशी पर बाबा को भोग आरती और निशान चढ़ाया गया। इसके साथ ही 12 दिन तक चले वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले का समापन हो गया। अब मंदिर में बाबा की सेवा-पूजा और तिलक किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर कमेटी ने सूचना जारी की है। मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान ने आदेश जारी कर बताया कि 14 मार्च को होली पर्व पर श्याम प्रभु की विशेष सेवा-पूजा और 15 मार्च को तिलक होगा। ऐसे में 13 मार्च की रात 10 बजे से 15 मार्च की शाम पांच बजे तक दर्शन बंद रहेंगे। हर अमावस्या के बाद और विशेष पर्व जैसे होली, दिवाली पर बाबा की विशेष सेवा-पूजा और तिलक किया जाता है। मंगलवार को द्वादशी होने के कारण बाबा श्याम को परंपरागत रूप से खीर-चूरमे का भोग लगाया गया। इसके साथ ही मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई।

## मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 11 सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने विभिन्न अभियानों में अलग-अलग उग्रवादी संगठनों से जुड़े 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले के खोरे चिंगंगबम लैकै इलाके से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कैडर खोंगबामतबम नानाओ मैतेई उर्फ खंगानबा (25) और क्षेत्रिमयुम रोशन सिंह उर्फ किलर (25) को गिरफ्तार किया। इसी तरह, मणिपुर पुलिस और 5/9 जीआर ने इंफाल ईस्ट जिले के संजेमबम खुल्लेन गांव के पास से केवाईकेएल के एक सक्रिय सदस्य कोन्जेंगबम इबोतोंचा मैतेई (54) को गिरफ्तार किया। वह जबरन वसूली में संलिप्त था। उसके पास से 7.62 एमएम की एके राइफल की 45 गोलियां, एक मोबाइल फोन और एक वॉलेट जब्त किया गया। इसके अलावा, पुलिस ने विश्नुपुर जिले के कुम्बी-पीएस क्षेत्र से पीआरईपीएके (प्रो) के एक कैडर, लैशराम टोम्बा उर्फ सुरेश मैतेई (36) को गिरफ्तार किया, जो काकचिंग और विश्नुपुर जिलों के लोगों से जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से एक हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।



लमसांग-पीएस, इंफाल वेस्ट जिले के तेरा उरक इलाके में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के अस्थायी शिविर पर छापा मारकर सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पेबम बिशोरजीत सिंह (27), केशम बिशोरजीत सिंह (28), वारेपम प्रेमानंद सिंह (37), याम्बेम शीतल सिंह (35), डब्ल्यूएम अरिफ खान (24), वाहेंगबम मोमोचा मैतेई (37) और लोइतोंगबम हेम्बा सिंह (35) शामिल हैं। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद, मोबाइल फोन, आधारकार्ड, मतदाता पहचान पत्र और दो चारपहिया वाहन बरामद किए गए। इसके अलावा, उत्तराखंड में पहले गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों को मणिपुर पुलिस द्वारा इंफाल लाया गया। ये आरोपित फरवरी 2025 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद मणिपुर के कुछ विधायकों को फोन कर भारी रकम की मांग कर रहे थे और मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन का वादा कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उवैश अहमद (19, उत्तर प्रदेश), गौरव नाथ (19, पूर्वी दिल्ली) तथा प्रियांशु पंत (19, पूर्वी दिल्ली) के रूप में हुई है।

## नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हुए बिहार में घुसपैठ करते मंगलवार को पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिक इस समय बिहार के किशनगंज पुलिस की हिरासत में हैं। किशनगंज जिले के गलगलिया बॉर्डर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने इन दोनों की गिरफ्तारी पाठामारी सीमा से किए जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बांग्लादेशी नागरिक की पहचान सहरियार सजीब खान और सागर के रूप में हुई है जो नेपाल से भारत में एंट्री करने की फिराक में थे। इनके पास न तो नेपाल का वीजा था, ना ही भारत में घुसने का कोई आधिकारिक दस्तावेज। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों की तलाशी लेने पर इनके पास से विदेशी मुद्रा, संदिग्ध दस्तावेज, रेलवे टिकट, होटल बुकिंग, इमिग्रेशन संबंधी कागजात और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। स्लोवेनिया और क्रोएशिया के वीजा व निवास परमिट से जुड़े दस्तावेज भी तलाशी में हाथ लगे हैं। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 590 अमेरिकी डॉलर, 3735 नेपाली मुद्रा, 7507 बांग्लादेशी टका और भारतीय रुपये का एक सौ का नोट मिला है। इसके अलावा पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाणपत्र, मतदाता पहचान पत्र, डिप्लोमा प्रमाणपत्र, रेडमी 5जी मोबाइल और तीन तीन बांग्लादेशी और नेपाली सिम कार्ड तथा एक भारतीय सिमकार्ड भी इनके पास से बरामद हुए हैं।



## कोलकाता पुलिस ने तीन दिन पहले दर्ज किया ब्रात्य बसु का बयान

**कोलकाता/एजेंसी :** पश्चिम बंगाल के शिक्षामंत्री ब्रात्य बसु का बयान कोलकाता पुलिस ने तीन दिन पहले दर्ज कर लिया था। यह बयान एक मार्च को जादवपुर विश्वविद्यालय में हुए बवाल के संबंध में लिया गया। शिक्षामंत्री ब्रात्य बसु जब जादवपुर विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में पहुंचे, तो वहां उन्हें छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। आरोप है कि छात्रों ने उनकी गाड़ी को घेरकर नारेबाजी की और छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कथित तौर पर उनकी गाड़ी पर ईंटें फेंकी गईं, जिससे ब्रात्य बसु घायल हो गए। इस घटना में दो छात्र इंद्रानुज राय और अभिनव बसु घायल हुए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में हड़कंप मच गया और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। घायल छात्र इंद्रानुज ने पुलिस को ईमेल कर घटना की शिकायत की थी, लेकिन छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब मामला हाईकोर्ट में पहुंचा, तो न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने पुलिस को इंद्रानुज की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। आर्थिक मंदी की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार में लगातार दूसरे दिन घबराहट का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.76 प्रतिशत टूट कर 5,572.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,436.10 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,513.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछली सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। एफटीएसई इंडेक्स 104.23 अंक यानी 1.23 प्रतिशत फिसल कर 8,495.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 105.69 अंक यानी 1.33 प्रतिशत लुढ़क कर 7,941.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 292.18 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,328.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,832.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.04 प्रतिशत उछल कर 6,614.14 के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.37 प्रतिशत उछल कर 2,572.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 281.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,352.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,483 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 158.59 अंक यानी 0.67 प्रतिशत फिसल कर 23,623.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.55 प्रतिशत टूट कर 1,169.26 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,375.17 अंक के स्तर पर और निक्केई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36,777.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।



## न्यूज IN ब्रीफ

### घर से लाखों के गहने चोरी, दो सगे भाई गिरफ्तार

**शिमला :** जिला शिमला के सुन्नी क्षेत्र में एक महिला के घर से लाखों के जेवरात चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी शिकायतकर्ता महिला के जेठ के बेटे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दोनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 10 मार्च की है, जब शिमला जिले के सुन्नी थाना क्षेत्र के तहत गांव दयाला में चोरी की वारदात हुई। पीड़ित महिला सुषमा देवी (50) पत्नी प्रेम सिंह, निवासी गांव दयाला पोस्ट घैनी तहसील सुन्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि 10 मार्च को जब वह घर पर नहीं थीं तभी उनके घर से लाखों के जेवर चोरी कर लिए गए। महिला ने बताया कि जब वह घर लौटीं तो उन्होंने पाया कि उनके घर से सोने और चांदी के कई कीमती आभूषण गायब थे। चोरी हुए सामान में पांच चांदी के कलश, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ा चांदी का छोटा कंगन, एक चांदी की चेन, दो जोड़ी चांदी के कंगन, सात चांदी की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, पांच सोने के फूल, तीन पुरुषों की सोने की अंगूठियां, दो महिलाओं की सोने की अंगूठियां, एक सोने की नथ, एक सोने का चॉक, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जोड़ी सोने की बालियां, एक नेकलेस सेट (जिसमें एक जोड़ी बालियां और दो सोने के कड़े शामिल थे) और एक सोने की छोटी नाक की पिन शामिल थी।

**परिवार के ही निकले आरोपी**

सुषमा देवी ने पुलिस को बताया कि चोरी की वारदात में उनके जेठ के बेटे नरेश कुमार और ललित कुमार उर्फ पवन का हाथ है। दोनों आरोपी गांव दयाला के निवासी हैं। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि यह चोरी 10 मार्च को सुबह करीब 10:30 से 11:00 बजे के बीच की गई थी। शिकायत के आधार पर थाना सुन्नी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3), 305, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 11 मार्च की रात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस जांच जारी, कोर्ट में पेशी आज**

पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि चोरी किए गए जेवर कहां हैं और क्या इसमें किसी और की संलिप्तता है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को आज को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से उनके रिमांड पर फैसला होगा। पुलिस का कहना है कि चोरी किए गए आभूषणों को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

### रायपुर में पुलिस ने इनोवा कार से बरामद किया साढ़े चार करोड़ रुपये, दो गिरफ्तार

**रायपुर :** रायपुर 12 मार्च (हि.स.)। राजधानी रायपुर के आमानाका में बीती देर रात चैकिंग पॉइंट में चेकिंग के दौरान पुलिस ने इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये नगद बरामद किया है। नगद के साथ पुलिस ने 2 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है, जिससे पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। आजाद चौक सब डिवीजन सीएसपी आईपीएस अमन झा ने बताया कि सफेद इनोवा (नंबर 23 इल 8886 ख) कार से रायपुर से करीबन साढ़े चार करोड़ रुपये नगद लेकर महाराष्ट्र मुंबई के लिए रवाना हुई थी। इनोवा कार के अंदर अलग से डेक बनाकर नगद रकम को छुपाया गया था। कार चालक और उसके सहयोगी ने रकम की कोई जानकारी नहीं दी है। फिलहाल जब्ती की कार्रवाई कर आगे जांच की जा रही है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आमानाका में चैकिंग पॉइंट बनाकर आरोपितों को धर दबोचा। जानकारी के मुताबिक कार में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार था। जिसने पूछताछ में बताया की पैसे के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं है। नागपुर के पास से उन्हें गाड़ी को बदलने के लिए कहा गया था।पुलिस को शक है कि यह रकम हवाला या सट्टे से संबंधित हो सकती है। इस मामले आजाद चौक सब डिवीजन सीएसपी अमन झा ने बताया की बड़ी मात्रा में नगद रकम बरामद किया गया है।

### राजस्थान में होली पर बारिश और ओलावृष्टि की संभावना, कई जिलों में लू का प्रकोप

**जयपुर :** राजस्थान में होली के दौरान बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 13 मार्च से ही मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, जबकि 15 मार्च को ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मार्च के दूसरे सप्ताह में ही प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। विशेष रूप से बाड़मेर और जालोर जैसे जिलों में लू (हीटवेव) का प्रभाव देखा जा रहा है। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी यहां लू चली जिससे तापमान में वृद्धि हुई। बुधवार को भी बाड़मेर और जालोर में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को लू से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पिछले 24 घंटों में राजस्थान में सबसे अधिक तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज किया गया, जबकि जालोर में यह 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो औसत से 7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जोधपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, डूंगरपुर और पाली में भी तेज गर्मी दर्ज की गई, जहां अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी बढ़ने का मुख्य कारण पश्चिम से आ रही गर्म हवाएं और राजस्थान-गुजरात के ऊपर बने एंटी-साइक्लोन को माना जा रहा है। इसी वजह से राजस्थान के पश्चिमी भागों में ऑरेंज अलर्ट और गुजरात के कुछ इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी जयपुर समेत माउंट आबू, बारां, धौलपुर, कोटा, पिलानी (झुंझुनूं), अलवर और अजमेर में भी तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई। जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस, अजमेर में 37.8, भीलवाड़ा में 37.9, कोटा में 38.6, उदयपुर में 37.9, चूरू में 36.4 और धौलपुर में 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अस्पताल बिल स्वीकृत कराने हेतू लिपिक 15,000लेते गिरफ्तार

**मुंबई :** ठाणे जिले में शाहपुर एकात्मिक आदिवासी विकास योजना में नामित योजना विभाग के वरिष्ठ लिपिक हरीश दत्तात्रेय मराठे एवं कनिष्ठ लिपिक हेमंत बालकृष्ण किरपन को ठाणे भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग के दस्ते ने कल 11मार्च को शिकायतकर्ता से 15हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।यह राशि वरिष्ठ लिपिक हरीश मराठे ने अपने सहायक और कनिष्ठ लिपिक हेमंत बालकृष्ण किरपन के द्वारा स्वीकार की थी,इसलिए दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। शिकायतकर्ता की मां के अस्पताल में उपचार की फाइल के बिल स्वीकृत करने के लिए वरिष्ठ लिपिक हरीश दत्तात्रेय मराठे से संपर्क करने पर उन्होंने कनिष्ठ लिपिक हेमंत के माध्यम से 23हजार रुपए रिश्वत के रूप मे मांगे थे।इसके बाद शिकायतकर्ता ने 7मार्च 2025को ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद ठाणे ब्यूरो ने 7मार्च तथा 11मार्च को को गई जांचपड़ताल में इसे सही पाया था।कि वरिष्ठ लिपिक हरीश मराठे ने शिकायतकर्ता की मां की चिकित्सा के बिल स्वीकृत करने के लिए 23हजार रुपए रिश्वत के रूप में मांगे थे।

### स्व. प्रो. डॉ. राधेश्वर मिश्र की 24वीं पुण्यतिथि पर विशेष

# संघर्ष उनके जीवन का मूलमंत्र और परिश्रम साधना थी



**प्रो. विकास मिश्रा**

**चक्रधरपुर :** शिक्षाविद डॉ. राधेश्वर मिश्रा हिंदी जगत के ऐसे जाज्वल्यमान नक्षत्र थे जिनकी प्रतिभा से उस क्षेत्र की शिक्षा, साहित्य व समाज आलोकित होता था। उनमें श्रद्धा, विश्वास, निच्छलता, लोकसेवा व विवेक का अद्भुद समन्वय था। संघर्ष उनके जीवन का मूलमंत्र था तथा परिश्रम साधना थी। उनकी श्रीमद् भागवतगीता के श्लोक 'कर्मन्नेवाधिकास्ते मा फलेशु कदाचन' में गहरी आस्था थी। वे जीवन भर अथक परिश्रम करते रहे।

डॉ. मिश्रा ने जीवन पर्यन्त कड़ा संघर्ष किया। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मुकाम पर पहुंचे, कठिन से कठिन समय में भी हिम्मत नहीं हारी, उनका जमकर मुकाबला किया। पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर जैसे छोटी सी जगह पर रहने के बावजूद अपनी विद्वता व बहुमुखी प्रतिभा के बीच पर पूरे राज्य (अविभाजित बिहार) के हिंदी जगत में अपनी पहचान बनायी।

डॉ. मिश्रा आजादी से पूर्व लगभग 1944 में औरंगाबाद से चक्रधरपुर आये। उस समय उनकी उम्र पांच-छह साल की थी। इनके पिता स्व. तारकेश्वर मिश्रा, चक्रधरपुर के मारवाड़ी प्राथमिक विद्यालय पापड़हाता में प्रधानाध्यापक थे। उस समय देश की राजनीतिक स्थिति गंभीर थी। स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। उस समय साहित्यकारों की रचनाएं लोगों को उत्प्रेरित कर रही थी। अंग्रेजी हुकूमत का दमन चक्र तेज था। उस समय परिवार का आर्थिक संकट इन सारी परिस्थितियों ने उनके अंदर

गंभीर व विवेकशील व्यक्तित्व का निर्माण किया। उन्होंने विचार किया, यह समय भविष्य के निर्माण का है। तभी समाज व राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। वे सब कुछ भूल कर पढ़ाई-लिखाई में लग गये। चक्रधरपुर के मारवाड़ी उच्च विद्यालय से इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा 1954 में अच्छे अंकों से पास की। 1958 में उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की। इस वर्ष इनकी प्रतिभा को देखकर वहीं के मारवाड़ी उच्च विद्यालय में शिक्षक के पद पर नियुक्त कर लिया गया। इस बीच उनका स्वाध्याय व स्वतंत्र लेखन चलता रहा। वर्ग में डॉ. मिश्रा के पढ़ाने की शैली इतनी आकर्षक थी कि उनके पढ़ाये पाठ छात्रों को भली भांति याद हो जाते थे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए शीघ्र ही उन्हें प्रोन्नति दे कर विद्यालय का उप प्राचार्य बना दिया गया। इसके बाद भी उनके मन में आगे पढ़ने की चाह बनी रही। उन्होंने 1961 में हिंदी विषय में स्नातकोत्तर किया। तत्पश्चात 1978 में चक्रधरपुर के

जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में हिंदी के व्याख्याता बने। इनके ज्ञान का लोहा इस क्षेत्र के हिंदी व अंग्रेजी के विद्वान भी मानते थे क्योंकि हिंदी के शिक्षक रहने के बावजूद अंग्रेजी भाषा व साहित्य पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। जब 1967 में इस महाविद्यालय की स्थापना की गयी थी तो उसके शासी निकाय के आग्रह पर उन्होंने 1967 से 1974 तक अवैतनिक शिक्षक के रूप में कार्य किया था। इसके बाद 1983 में इन्होंने पीएचडी की उपाधि ग्रहण की। इसके बाद रांची विश्वविद्यालय की मेधा स्कीम के तहत 1986 में उन्हें रीडर के पद पर प्रोन्नति मिली। इसके बाद इन्होंने कई छात्रों के शोध कार्य में मार्गदर्शन कर सहयोग किया। गरीब छात्रों की आर्थिक मदद कर के भी उन्होंने उनकी पढ़ाई रूकने नहीं दी। हतोत्साहित छात्रों को समझा बुझा कर उन्हें पढ़ने को प्रेरित किया। इस बीच वे हिंदी की सेवा करते रहे। उन्होंने बहुत ज्यादा नहीं लिखा, लेकिन जो भी लिखा वह प्रेरणादायक रहा। सेवानिवृत्ति तक ये जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में हिंदी के विभागाध्यक्ष बने रहे।

मृदुभाषी व संघर्षशील डॉ. मिश्रा स्वयं प्रकृति की सुंदर व यथार्थवादी कविता थे। जीवन का दर्शन थे। उनके अप्रत्याशित निधन से साहित्यप्रेमी मर्माहत हैं। इस क्षेत्र का हिंदी जगत काल के इस क्रूर कृत्य को सह नहीं पा रहा है। अनुपूरित नेत्रों से अपने इस सुपुत्र को श्रद्धांजलि देने के सिवा कोई विकल्प नहीं बचा उसके पास। लेकिन सत्य तो यह है कि डॉ. मिश्रा आज भी लोगों के बीच हैं। उनका कार्य लोगों के बीच उन्हें हमेशा जीवित रखेगा।

## पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए डीसी ने किया आमंत्रित

**गुमला –** भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक एफ्ड, उएड या उएड के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने आगामी दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) को अप० 04:00 बजे समाहरणालय, गुमला के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आहूत की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों , केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। 'आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है।

राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं , राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।



## बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा सहित मूलभूत सुविधाएं होंगी सद्दढ़ : आयुक्त

**धनबाद :** धनबाद जिला समाहरणालय में मंगलवार को जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सह झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अध्यक्ष पवन कुमार ने की। आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ सफाई, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही टाउनशिप में बिजली सबस्टेशन, डेयरी बूथ व टीओपी स्थापित करने को कहा। उन्होंने टाउनशिप में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलानी मोड़ वाया फेज 5 से रानी रोड का चौड़ीकरण व मरम्मत, फेज 1, 2 व 3 में नालियों व सेप्टिक टैंक की साफ-सफाई, सड़क चौड़ीकरण व पेवर ब्लॉक बिछाना, सुलभ शौचालय का निर्माण, पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाना, वित्तीय वर्ष 2025 झ 26 का प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति, शॉपिंग सेंटर में दुकानों का एलॉटमेंट सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। कहा कि जेआरडीए के सुचारु कामकाज के लिए प्रबंध पर्षद की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उन्होंने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नन लीगल टाइटल होल्डर (नन एलटीएच) के शिफ्टिंग, अलॉटमेंट एवं मुआवजा में एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में धनबाद डीसी माधवी मिश्रा, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जेआरडीए प्रभारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, एसडीओ राजेश कुमार, डीएलओ राम नारायण खलको, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, बीसीसीएल के निदेशक (संचालन) संजय सिंह, महाप्रबंधक झरिया मास्टर प्लान फुल झा, महाप्रबंधक पर्यावरण राजीव चोपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला और पुलिस प्रशासन सुदूर क्षेत्र में पहुंचकर ले रहा है विकास योजनाओं का जायजा

**संवाददाता**

**गुमला –** गुमला जिला में जिला प्रशासन के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस प्रशासन के पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में और एक दुसरे के जबरदस्त सहयोग से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे , विभिन्न विकास योजनाओं को सूदूरवर्ती नक्सल प्रभावित गढ़ों (क्षेत्रों ) में जहां आजादी के इतने वर्षों बाद भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उक्त पहाड़ी ऊपर खबड़ क्षेत्रों में सड़क और आवागमन के साधन नहीं होने के कारण , नक्सलियों के शरण स्थली गढ़ों और क्षेत्रों में पहुंचकर और भय मुक्त वातावरण बनाकर उक्त पहाड़ी वन क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से भ्रमण कर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सफर उक्त क्षेत्रों में पहुंचकर और जिले के अंतिम व्यक्ति तक उक्त विकास की योजनाओं को पहुंचने में कामयाब हो रहें हैं, और उक्त संबंधित व्यक्तियों को गरीबी रेखा से ऊपर उठकर उन्हें विभिन्न आकार प्रकार के विकास योजनाओं के



तहत रोजगार गारंटी और उपलब्धी हासिल कराने में अहम् भूमिका निभाई है , जिसकों लेकर,केंद्र सरकार से उक्त संबन्धित उपलब्धियों के लिए लगातार दो - दो बार पुरष्कृत होकर , समस्त गुमला जिला एवं गुमला वासियों को गौरवांवित भी महसूस करवाया चुके हैं, और तो और उक्त विकास योजनाओं को सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की गंगा बहाकर संबंधित मंत्रियों द्वारा दूसरे जिलों में उक्त मोंडलों को अन्य जिलों में लागू कराने की प्रशंसा के पात्र भी बनें हैं, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अपनी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए और अपने सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए वाहवाही भी लूट चुकी है , इसमें कोई किंतु परंतु एवं शुभकामनाएं संदेह नहीं हैं, परन्तु उसी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिनस्थ और संबंधित चलने वाले विभिन्न विभागों में कार्यरत कुछ तथाकथित भ्रष्ट पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जूटे हुए हैं और जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को बदनाम करने पर जुटे हुए हैं।

## जिप उपाध्यक्ष ने कुकड़ू में हर्बल गुलाल प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**सरायकेला :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन सरायकेला खरसावां जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो व कुकड़ू बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने संयुक्त रूप से किया. यह प्रदर्शनी सह बिक्री होली के अवसर पर 13 मार्च तक जारी रहेगी. मौके पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी.

जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने पलाश ब्रांड गुलाल बनाने वाली समूह की दीदीयों के कार्य को सराहा. कहा कि प्रदर्शनी में समूह के दीदीओं ने पलाश हर्बल गुलाल का निर्माण गेंदा फूल, हल्दी व पलाश फूल आदि से किया है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है. पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है. इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष और बीडीओ ने लोगों से होली के त्योहार में कुकड़ू प्रखंड आकर पलाश ब्रांड होली खरीदारी करने की अपील की. मौके पर सीएलएफ अध्यक्ष हेमंती कुमार, देवनारायण महतो, ओंकार महतो, नृपेन मंडल, सानू कुमार, चपला कुमार, संध्या देवी, पानकी महतो आदि उपस्थित थे.

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू पूर्व मुख्यमंत्रीगण से मुलाकात की

**विनय मिश्रा**



**झारखंड** पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो एवं पूर्व केंद्र मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुरुजी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात किया तथा उन्हें शाल ओढ़ाकर कर उनका अभिवादन भी किया तथा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भी मुलाकात कर उन्हें झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संगठन और कार्यों की जानकारी दी । इस दौरान सबों ने नवनियुक्त पार्टी अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू को अध्यक्ष चुने जाने तथा उनके प्रांतीय टीम को अपनी शुभकामना भी दी । इस औपचारिक मुलाकात के दौरान सभी पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस के कार्यों की सराहना की तथा उनके दायित्व निर्वहन करने की क्षमता को भी सराहा । विदित हो कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू सबसे कम उम्र के प्रांतीय अध्यक्ष बनकर एक इतिहास रचा है और अपने बेहतर कार्यों के फलस्वरुप झारखंड में लोकप्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में भी पहचाने जाते हैं ऐसे अध्यक्ष से एक ओर जहां संगठन में व्यापक हर्ष है वहीं श्री मुर्मू भी संगठन के बेहतर और सुचारू रूप से क्रियान्वयन कर संगठन को मजबूती देने में जुट गए हैं । इस प्रकार से कहा जा सकता है कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष के द्वारा संगठन और सामाजिक बनाने के दिशा में कारगर पहल निरंतर जारी है जो संगठन के लिए काफी हितकारी है।

## त्योहारों को लेकर आयुक्त व डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा

805

**संवाददाता**

**धनबाद :** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार और बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को धनबाद जिला समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक में होली व रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति से जोड़ें। संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें। असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उनकी धर-पकड़ करें। आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन व सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**सोशल मीडिया पर पैनी नजर**



**रखें :** डीआईजी बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली ।उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) प्लान तैयार करने, 24 घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थलों को चिह्नित करने, मादक पदार्थ और अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। आयुक्त व डीआईजी ने कोयला और बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग, अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में धनबाद डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, नौशाद आलम, शंकर कामती, अरविन्द कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, सीआईएसएफ के कमांडेंट विशाल शर्मा, सहायक कमांडेंट एल गौतम मौजूद थे।